
●वर्ष : 16 ●अंक : 181 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08
RNI No. DELHIN/2008/23928




दैनिक
# लोकतंत्र की शान
लोकतंत्र का स्तंभ
दिल्ली से प्रकाशित
रविवार 20 अक्टूबर 2024

# बीजेपी की पहली लिस्ट जारी, धनवार से बाबूलाल मरांडी

## सरायकेला से चंपई सोरेन को टिकट



नूना न्यूज एजेंसी

**झारखंड।** चुनाव 2024 के लिए बीजेपी ने 66 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी धनवार टिकट दिया गया है। वहीं, लोबिन हेम्ब्रोम बोरियो से, सीता सोरेन जामताड़ा से, पूर्व सीएम चंपई सोरेन सरायकेला से, गीता बालमुचू चाईबासा से चुनावी मैदान में उतरेंगे। गीता कोड़ा को जगनाथपुर से टिकट मिला बबै जबकि अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका से चुनाव लड़ेंगी। झारखंड के पूर्व सीएम और बीजेपी नेता चंपई सोरेन ने आज कहा कि चुनाव के लिए हमारी तैयारी बहुत अच्छी है। अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज कहा कि कल ही दोनों पार्टी (बीजेपी-एलजेपी) के प्रभारी मौजूद थे और आप सबके सामने ये ऐलान किया गया कि बीजेपी-एलजेपी गठबंधन करके चुनाव लड़ेगी। गठबंधन की सीटों को लेकर सारी बातें हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में हमने झारखंड में भी साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। झारखंड की दुर्दशा, जिस तरह सरकार ने झारखंड की जनता को धोखा दिया है पिछले पांच वर्षों में जिन लोगों ने झारखंड को लूटा है, उनसे झारखंड को मुक्त कराना है और झारखंड में एक बेहतर सरकार बनानी है क्योंकि झारखंड मजबूत होगा तो देश मजबूत होगा। झारखंड विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की घटक ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) 10 सीट पर, जनता दल (यूनाइटेड) दो और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) एक सीट पर चुनाव लड़ेगी। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सह प्रभारी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। शर्मा ने कहा कि सीट बंटवारे की व्यवस्था को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है लेकिन भाजपा देखो और प्रतीक्षा करो की रणनीति अपना रही है क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) सहित प्रतिद्वंद्वी दलों ने अभी अपनी योजना का खुलासा नहीं किया है।

# देवभूमि में 'थूक जिहाद' पर सख्त सीएम पुष्कर धामी, जारी किया एसओपी

नूना न्यूज एजेंसी

**उत्तराखंड।** खाने में थूकने की घटनाओं को रोकने के लिए उत्तराखंड सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। हाल ही में धामी सरकार ने दिशानिर्देश जारी किए जिनमें अपराधियों के लिए 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना, होटल और ढाबा कर्मचारियों का अनिवार्य पुलिस सत्यापन और रसोई में सीसीटीवी कैमरे लगाना शामिल है। मसूरी में ग्राहकों को चाय परोसने से पहले दो लोगों द्वारा सॉस पैन में थूकने का आरोप सामने आने के बाद उत्तराखंड में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। जवाब में, उत्तराखंड सरकार ने ऐसे अपराधों के दोषी पाए जाने वालों पर 25,000 से 1 लाख रुपये तक का भारी जुमार्ना लगाने का फैसला किया। चाय बनाते समय थूकना ही नहीं बल्कि पर्यटकों को परोसने से पहले फलों के जूस के गिलासों में भी कथित तौर पर थूकने की घटनाएं सामने आईं। देहरादून से एक वीडियो भी वायरल हुआ था जिसमें एक रसोइये को रोटी के लिए आटा बनाते समय कथित तौर पर थूकते हुए देखा जा सकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के कार्यालय ने एक्स पर लिखा कि उत्तराखंड में खाद्य पदार्थों में थूक और गंदगी मिलाने पर मुख्यमंत्री धामी ने स्पष्ट किया है कि राज्य में इस प्रकार की घटनाओं को बिल्कुल भी सहन नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार इस संदर्भ में एक व्यापक एसओपी जारी की गई है।



इसमें आगे लिखा है कि खाद्य पदार्थों में थूक और अन्य गंदगी मिलाने के दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी, जिसमें 25,000 रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक का जुमार्ना लगाने का प्रावधान किया गया है। प्रदेश सरकार में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि त्योहारों का समय आ रहा है, जिसे देखते हुए सुरक्षा और शुद्धता उनकी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अशुद्धता या असामाजिक गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री के निदेर्शों के बाद स्वास्थ्य सचिव व एफडीए के आयुक्त डॉ. आर राजेश कुमार ने विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) जारी कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के साथ 25 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक के जुमार्ने का प्रावधान किया। कुमार ने इस संबंध में कहा कि हाल के दिनों में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में जूस एवं खानपान की अन्य वस्तुओं में मानव अपशिष्ट एवं अन्य गंदी चीजों की मिलावट के मामले सामने आये हैं, जो खाद्य सुरक्षा एव मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा सभी खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस लेना, उसकी शर्तों का पालन करना तथा खाद्य पदार्थों में स्वच्छता का पालन करना भी अनिवार्य है।

# जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी

## पुंछ में कई हमलों में शामिल दो आतंकवादी पकड़े गए

**जम्मू-कश्मीर।** में आतंकी ढांचे को एक महत्वपूर्ण झटका देते हुए, खुफिया सूचनाओं के आधार पर पुंछ सेक्टर में भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के नेतृत्व में एक संयुक्त अभियान सफलतापूर्वक चलाया गया। 18 अक्टूबर को चलाए गए ऑपरेशन के परिणामस्वरूप दो आतंकवादी पकड़े गए। उनकी पहचान अब्दुल अजीज और मनवर हुसैन के रूप में की गई। सुरक्षा बलों ने संदिग्धों के पास से हथियार, गोला-बारूद और ग्रेनेड भी बरामद किए, जिससे उनकी परिचालन क्षमता बाधित हो गई। यह ऑपरेशन आतंकी नेटवर्क को खत्म करने में एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि दोनों व्यक्ति धार्मिक स्थलों और अस्पतालों पर ग्रेनेड हमले, आतंकी वित्तपोषण, राष्ट्र-विरोधी प्रचार और हथियारों की तस्करी सहित आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने में शामिल थे। हाल की गिरफ्तारियों ने क्षेत्र में आतंकवादी समूहों के साजो-सामान और परिचालन नेटवर्क को कमजोर कर दिया है, जो उनके प्रयासों के लिए एक मजबूत झटका का संकेत है। यह सफलता पिछले महीने एक अन्य सहयोगी की गिरफ्तारी के बाद मिली है, जो घाटी में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बलों के अथक प्रयासों को रेखांकित करती है। जम्मू संभाग के अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) आनंद जैन ने बताया कि हरि गांव से अब्दुल अजीज और मनवर हुसैन की गिरफ्तारी सुरक्षा एजेंसियों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। एडीजीपी ने पुंछ में संवाददाताओं से कहा कि शुक्रवार को पुलिस ने 37 राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के साथ मिलकर एक संयुक्त अभियान चलाया और अजीज को पकड़ लिया।

ज्वलंत मुद्दा

## सम्पादकीय



## रबी फसलों के एमएसपी की घोषणा, बाजारी ताकतों पर नियंत्रण जरुरी

बुवाई से पहले या बुवाई के समय फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा इस मायने में महत्वपूर्ण हो जाती है कि किसानों को कौन सी फसल लेना लाभकारी रहेगा इस पर सोच विचार कर निर्णय करने का अवसर मिल जाता है। पिछले कुछ सालों से केन्द्र सरकार द्वारा खरीफ हो या रबी लगभग इनके बुवाई के समय ही न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा कर दी जाती है। इसे सरकार की सकारात्मक पहल भी कहा जा सकता है। केन्द्र सरकार ने रबी सीजन की गेहूं, सरसों सहित छह प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। एमएसपी की घोषणा करते समय यह भी दावा किया गया है कि इन सभी छहों फसलों के एमएसपी का निर्धारण लागत से अधिक किया गया है जिससे किसानों के लिए यह फसलें लाभकारी सिद्ध हो सके। दावों की माने तो लागत की तुलना में सर्वाधिक 105 प्रतिशत अधिक एमएसपी गेहूं की घोषित की गई है, सबसे कम कुसुम की लागत से 50 प्रतिशत अधिक है तो चना और जौ की लागत से 60 फीसदी अधिक घोषित की गई है। सरसों की लागत से 98 फीसदी तो मसूर की 89 प्रतिशत अधिक राशि तय की गई है। निष्कर्ष रुप से यह कहा जा सकता है कि लागत की तुलना में सभी छह फसलों की एमएसपी दरों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की गई है। एमएसपी की घोषणा करते समय सरकार ने लागत में खाद-बीज, कीटनाशक, सिंचाई पर व्यय के साथ ही मानव श्रम का भी समावेश किया गया है। ऐसे में लागत से अधिक राशि मिलना किसानों के लिए लाभकारी हो सकता है। देश में 1966-67 में सबसे पहले गेहूं की सरकारी खरीद के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की गई थी। आज से लगभग 60 साल पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने एक अगस्त 1964 को एलके झा की अध्यक्षता में इसके लिए कमेटी घटित की थी। गेहूं की समर्थन मूल्य पर खरीद व्यवस्था का एक विपरीत प्रभाव सामने आने पर कि किसान अन्य फसलों की जगह गेहूं की फसल पर ही केन्द्रित होने लगे तो ऐसी स्थिति में सरकार ने अन्य प्रमुख फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य के दायरें में लाया गया। कृषि मूल्य एवं लागत आयोग की सिफारिश पर कृषि जिंसों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है। देश में गेहूं, धान आदि 7 अनाज फसलें, 5 दलहनी, 7 तिलहनी, 4 नकदी फसलों के समर्थन मूल्य की घोषणा की जाती है।

**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

आप सभी को करवा चौथ की
हार्दिक शुभकामनाएं
प्रस्तुति प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा (उत्तर प्रदेश)


वेद प्रकाश यादव/ कविता यादव
जिला अध्यक्ष, शिव सेना उद्धव ठाकरे गुट अमरोहा, यूपी
शिव बेकर्स, गजरौला संभल बाईपास, निकट अतरासी अड्डा, हसनपुर अमरोहा



सरिता अग्रवाल


प्रवीण अग्रवाल





एकता अग्रवाल पत्नी डॉ अनुज अग्रवाल
शिवाय हेल्थ केयर, शाहपुर कला, हसनपुर, अमरोहा यूपी


धीरू यादव, व्यापारी
सीमा यादव, नगर अध्यक्ष व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान महिला प्रकोष्ठ हसनपुर, तहसील अध्यक्ष राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद हसनपुर, जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय यादव महासभा महिला प्रकोष्ठ अमरोहा, यूपी


प्रदीप अग्रवाल, नगर अध्यक्ष व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान व सचिव रोटरी क्लब हसनपुर, मै0 जगतबीर प्रसाद रहरा बस स्टैंड हसनपुर, अमरोहा यूपी ’
डोली अग्रवाल, इनर व्हील क्लब हसनपुर आस्था निवर्तमान अध्यक्ष, उपाध्यक्ष नारी शक्ति संगठन, जिला उपाध्यक्ष अखिल भारतीय अग्रवाल सभा सम्मेलन अमरोहा, यूपी


शरद अग्रवाल, ज्वेलर्स मेंन बाजार, निकट अग्रवाल धर्मशाला, हसनपुर, अमरोहा
सीमा अग्रवाल, अध्यक्ष नारी शक्ति संगठन, जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू महासंघ मातृ शक्ति प्रकोष्ठ अमरोहा, यूपी


रोटेरियन दीपक कुमार अग्रवाल, (व्यापारी नेता)
अंशु अग्रवाल (उप प्रबंधिका)
पुरुषोत्तम शरण बालिका विद्या मंदिर हसनपुर अमरोहा, महामंत्री नारी शक्ति संगठन हसनपुर अमरोहा यूपी


राजेंद्र यादव/ प्रीति यादव
शिव बेकर्स, निकट कमल फोटो स्टूडियो, पुराना डाकघर रोड हसनपुर अमरोहा, यूपी

CMYK

# दिल्ली

## मन सकारात्मक है, तो हम सकारात्मक परिणामों की ओर अग्रसर होते हैं : डॉ मणिभद्र मुनि महाराज



डॉ मणिभद्र मुनि महाराज श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए।

**सोनीपत :** नेपाल केसरी, राष्ट्रसंत, मानव मिलन के संस्थापक डॉ मणिभद्र मुनि महाराज ने कहा कि आज का युग परिवर्तन का युग है। इंसान अपनी संस्कृति, प्रकृति, और सभ्यता को बदलने की कोशिश कर रहा है। लेकिन जब बात मन की आती है, तो ज्यादातर लोग उसे बदलने से कतराते हैं। हम अक्सर यह सोचते हैं कि बाहरी परिवर्तनों से हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं, लेकिन असली बदलाव तो अंदर से, अर्थात मन से शुरू होता है। मन एक अत्यंत शक्तिशाली साधन है। यह हमारी सोच, हमारी भावनाएं, और हमारे कार्यों को निर्धारित करता है। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज शहर की गुड मंडी स्थित श्री एसएस जैन सभा जैन स्थानक में आयोजित चातुर्मास के दौरान उपस्थित भक्तजनों को संबोधित कर रहे थे। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि यदि हमारा मन सकारात्मक है, तो हम सकारात्मक परिणामों की ओर अग्रसर होते हैं। इसके विपरीत, नकारात्मक मनोदशा हमें निराशा और असफलता की ओर ले जाती है। इस प्रक्रिया में, हमें धैर्य, समर्पण, और लगातार प्रयास की आवश्यकता होगी। कार्यक्रम में बड़ौत से बैरागन वंशिका जैन, समृद्धि जैन पहुंची। जिनका श्री एसएस जैन सभा गुड मंडी द्वारा विशेष सम्मान किया गया। दोनों बैरागन बड़ौत में 15 जनवरी 2025 को दीक्षा प्राप्त करेगी। इस अवसर पर त्रिलोक जैन, महावीर प्रसाद जैन, राजेंद्र वर्मा, नरेंद्र जैन, राकेश जैन, सुमेर चंद जैन, महावीर प्रसाद पीपली खेड़ा वाले, सुरेश जैन, राकेश जैन आदि गणमान्य मौजूद थे।

## ढाबे से रुपये चोरी करने की घटना में संलिप्त 2 और आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपत :** जिले की एसएजी यूनिट सैक्टर-7, सोनीपत की पुलिस टीम ने ढाबे से रुपये चोरी करने की घटना में संलिप्त दो और आरोपियों दिलीप उर्फ छोटू पुत्र रमेश निवासी खेतवाडी व विनोद पुत्र बंदूलाल निवासी हरदोई उतरप्रदेश को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत 11 अप्रैल को मन्जीत पुत्र बलबीर झिलमिल ढाबा संचालक, मुरथल नें थाना मुरथल में शिकायत दी थी की मै रोड मुरथल पर झिलमिल ढाबा व प्राईम रोज होटल चलाता हू दिनाक 20-4-23 से 5 कर्मचारी हमारे पास मैनेजर के तौर पर काम करते थे। जो दिनाक 08.04.2024 की रात को झिलमिल ढाबा व प्राईम रोज होटल दोनों का कुल कैश 9 लाख 80 हजार चोरी करके भाग गये जो तकरीबन 7/8 दिन का कैश था। इस घटना का भारतीय दण्ड सहिंता की धाराओं के तहत थाना मुरथल में मामला दर्ज किया गया था। एसएजी यूनिट सैक्टर-7, सोनीपत की अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक पवन ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में संलिप्त तीन आरोपियों प्रदीप, अंकित व ओमकार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था अब अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त दो और आरोपियों दिलीप उर्फ छोटू पुत्र रमेश निवासी खेतवाडी व विनोद पुत्र बंदूलाल निवासी हरदोई उतरप्रदेश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिए गये है।

## कैंटर चालक का अपहरण कर 50 बैग कंबल, नकदी और मोबाइल लूटा, देर रात लघुशंका के लिए रुका था चालक

**सोनीपत :** नैशनल हाईवे-44 पर बहालगढ़ के पास लघुशंका को रुके कैंटर चालक का अपहरण कर दो बदमाश 50 बैग (बोरे) कंबल, 22 सौ रुपये व मोबाइल लूट ले गए। बदमाश कैंटर चालक की आंखों पर पट्टी बांधने के बाद उसे खेत में पेड़ से बांधकर भाग गए। बंधन मुक्त होकर चालक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। बाद में कैंटर को 334बी पर गांव गढ़ मिर्कपुर के पास से बरामद किया गया है। मूलरूप से यूपी के जिला गोंडा के गांव अनंतपुर हाल पानीपत की अनाज मंडी क्षेत्र निवासी कृष्णा यादव ने बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया कि वह सिद्धी विनायक ट्रांसपोर्ट, पानीपत की गाड़ी पर चालक हैं। वह बुधवार रात साढ़े 11 गाड़ी में 62 बोरे में भरे कंबल लेकर श्री कैलाशपति हैंडलूम पानीपत से दिल्ली के लिए चले थे। वह रास्ते में अपने कमरे पर खाना खाने चले गए। वहां से देर रात करीब डेढ़ बजे दिल्ली के लिए निकल लिए। वह बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो उन्होंने कैंटर को रोक दिया और लघुशंका के लिए चले गए। जब वह वापस आए तो दो युवक अचानक उनके पास आ गए। उन्होंने आते ही उसे जबरन गाड़ी में डाल लिया और पिटाई करने लगे। उसके बाद गाड़ी में उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी और दोनों हाथ बांध दिए। कुछ दूर चलने के बाद उन्हें नीचे उतारा और खेत में ले जाकर रस्सी से पेड़ से बांध दिया। उसके बाद कैंटर, उनका मोबाइल व जेब से 2200 रुपये लेकर भाग गए। उन्होंने मशक्कत के बाद खुद को बंधन मुक्त किया। उसके बाद राहगीरों की मदद से कैंटर मालिक को अवगत कराया। कैंटर मालिक व हैंडलूम संचालक मौके पर पहुंचे। कैंटर मालिक पानीपत की जसबीर कॉलोनी निवासी राजपाल ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी की लोकेशन जीपीएस पर देखी तो वह एनएच-334बी पर गांव गढ़ मिर्कपुर के पास मिली। वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि गाड़ी वहां खड़ी थी। उसमें से 50 बैग कंबल गायब मिले। उन्होंने मामले से बहालगढ़ थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बहालगढ़ थाना पुलिस बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

## पारिवारिक सपोर्ट के चलते पहुंची जज के मुकाम तक : नीतू खोखर



न्यायाधीश नीतू खोखर का स्वागत करती महिलाएं।

**खरखौदा :** जज बनने के बाद खरखौदा उपमंडल के गांव थाना कलां में पहुंची नीतू खोखर का ग्रामीणों खासकर महिलाओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। नीतू खोखर पिपली मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप संचालक अरुण खोखर की धर्मपत्नी है। नीतू गढ़ शहजानपुर की बेटी हैं। ज्ञातव्य है कि इनके पिता राजेंद्र कुमार की 2004 में मृत्यु हो गई थी। ऐसे में उसकी मां वीरमति ने पढ़ाई का जिम्मा उठाया और उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है। न्यायाधीश नीतू खोखर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की सफलता के पीछे उसके मां-बाप उसके धर्म के मां-बाप व उनके पति और पूरे परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने परिवार का पूरा सपोर्ट मिला और वह आज इस मुकाम तक पहुंची हैं। उनका मुख्य उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्ति को न्याय दिलाने का रहेगा। उन्होंने आज के युवाओं से अपील की है कि वह परिवार के महत्व को समझते हुए शिक्षा ग्रहण करें और अपने लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़े। उन्हें केवल मेहनत करनी है, लक्ष्य उन्हें खुद मिल जाएगा। इस बीच थाना कलां गांव में भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## राहुल बोले- संविधान पर मोदी, शाह समेत अलग-अलग शक्तियों द्वारा आक्रमण किया जा रहा

### देश के 90 प्रतिशत लोगों के अधिकारों को खत्म करने का प्रयास हो रहा

**›› जातिगत जनगणना कराने, आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाने का काम करके दिखाएगी कांग्रेस**




**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर**
वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि आज संविधान के सम्मान के साथ ही उसकी रक्षा भी जरूरी है। संविधान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह समेत अलग-अलग शक्तियों द्वारा जबरदस्त आक्रमण किया जा रहा है। इनका लक्ष्य है कि संविधान को किसी तरीके से खत्म किया जाए। झारखंड के रांची में शनिवार को संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि आज संविधान की रक्षा मीडिया, चुनाव आयोग, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग और ब्यूरोक्रेसी में से कोई नहीं करता, क्योंकि भाजपा सबको कंट्रोल करती है। राहुल गांधी ने कहा कि देश का संविधान बिरसा मुंडा जी, गुरु नानक देव जी, नारायण गुरु जी, बसवन्ना जी, भगवान बुद्ध जी और फुले जी की सोच से बना है। देश के लोगों ने नरेंद्र मोदी को बता दिया कि वे इस सोच पर आक्रमण नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि संविधान के विरोध में मनुस्मृति की किताब है। हजारों वर्षों से संविधान की सोच और मनुस्मृति के बीच लड़ाई चल रही है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने याद दिलाया कि मोदी सरकार ने चुनाव में कांग्रेस पार्टी के बैंक खाते बंद करवा दिए। लेकिन तब भी पार्टी संविधान और सच्चाई को साथ लेकर मजबूती से लड़ी। राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के पास धन, संस्थाएं, मीडिया, सीबीआई, ईडी, आयकर विभाग सब कुछ है। लेकिन हमारे पास सच्चाई है। हमें और कुछ नहीं चाहिए। क्योंकि जब तक हमारे पास सच रहेगा, हमें न्याय मिलेगा। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ने कहा कि जब भाजपा के लोग आदिवासी को वनवासी कहते हैं, तब वे आदिवासियों के इतिहास, जीने के तरीके को खत्म करने की कोशिश करते हैं। वनवासी का मतलब जो जंगल में रहते हैं। आदिवासी का मतलब देश के सबसे पहले मालिक है। आदिवासी सिर्फ एक शब्द नहीं हैं, बल्कि आपका पूरा इतिहास है। राहुल गांधी ने कहा कि देश के 90 प्रतिशत लोगों के अधिकारों को खत्म करने की कोशिश हो रही है। देश की 90 प्रतिशत आबादी वाले दलित, आदिवासी, पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के गरीबों के पास न मीडिया है, न जूडिशरी है और न ही ब्यूरोक्रेसी है। लेकिन इन वर्गों के पास सच्चाई है। हम मिलकर आवाज उठाएंगे और इस लड़ाई में मैं आपके साथ हूं। अपने संबोधन के आखिर में उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना और इंस्टीट्यूशनल सर्वे कराने, आरक्षण पर लगी 50 प्रतिशत की सीमा हटाने के काम को कांग्रेस पार्टी करके दिखाएगी।

## बहराइच दंगा पीड़ितों से मिलने जा रहे जमीयत उलमा-ए-हिंद के प्रतिनिधिमंडल को लखनऊ एयरपोर्ट पर पुलिस ने हिरासत में लिया



**नई दिल्ली, 19 अक्टूबर 2024:** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असअद मदनी के निर्देश पर जमीयत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल, जो बहराइच के दंगा प्रभावित क्षेत्रों में पीड़ितों की सहायता के लिए जा रहा था, उसे आज शाम लखनऊ हवाई अड्डे पर उतरते ही पुलिस एजेंसियों ने हिरासत में ले लिया। पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया और बहराइच जाने की अनुमति नहीं दी। प्रतिनिधिमंडल में जमीयत उलमा-ए-हिंद के महासचिव मौलाना हकीमुद्दीन कासमी के साथ मौलाना गयूर कासमी भी शामिल थे। यह उल्लेखनीय है कि जमीयत का प्रतिनिधिमंडल दिल्ली से बहराइच के लिए रवाना हुआ था। इस दौरे का उद्देश्य बहराइच के प्रभावित लोगों से मिलना, उनकी स्थिति की जानकारी लेना और उनकी हर संभव मदद करना था। जमीयत उलमा-ए-हिंद ने हमेशा देश में शांति, भाईचारे और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का काम किया है, और बिना किसी धार्मिक भेदभाव के हर प्रकार के पीड़ितों की सहायता करना अपना कर्तव्य समझा है। जमीयत उलमा-ए-हिंद पुलिस के इस कदम पर गहरी चिंता व्यक्त करती है और यह सवाल उठाती है कि आखिर पीड़ितों की मदद के लिए जा रहे प्रतिनिधिमंडल को रोकने का क्या कारण है? जमीयत उलमा-ए-हिंद यह मांग करती है कि प्रतिनिधिमंडल को तुरंत रिहा किया जाए और उन्हें अपना कार्य पूरा करने की अनुमति दी जाए। जमीयत उलमा-ए-हिंद हर हाल में अपने सामाजिक और मानवीय कर्तव्यों का पालन करती रहेगी, और ऐसे कदम उनकी संघर्षशीलता को रोक नहीं सकते।

## सीईआरटी-इंडिया और आईएसएसी ने मिलकर शुरू किया नेशनल साइबर सिक्योरिटी स्कॉलर प्रोग्राम

- साइबर सुरक्षा नेतृत्व की नई पीढ़ी का निर्माण
- सीईआरटी-इंडिया और आईएसएसी की साझेदारी से बढ़ेगी डिजिटल सुरक्षा
- एनसीएसएसपीः वास्तविक चुनौतियों के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण
- सरकार, बैंक और कॉरपोरेट क्षेत्र में उभरते सीआईएसओ और सुरक्षा विशेषज्ञ



**नई दिल्लीः** भारत की साइबर सुरक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के लिए भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सीईआरटी-इंडिया) और इन्फॉर्मेशन शेयरिंग एंड एनालिसिस सेंटर (आईएसएसी) ने मिलकर नेशनल साइबर सिक्योरिटी स्कॉलर प्रोग्राम (एनसीएसएसपी) के छठे बैच के लिए संयुक्त प्रमाणपत्र जारी करने की घोषणा की है। यह कार्यक्रम भारत के साइबर सुरक्षा क्षेत्र में पेशेवरों को उच्च-स्तरीय तकनीकी और प्रबंधकीय कौशल से लैस करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। एनसीएसएसपी का उद्देश्य देश में विश्वसनीय और नैतिक साइबर सुरक्षा नेतृत्व विकसित करना है। यह कार्यक्रम प्रतिभागियों को न केवल तकनीकी विशेषज्ञता प्रदान करता है, बल्कि उन्हें कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों—जैसे बिजली, स्वास्थ्य, और परिवहन - में डिजिटलीकरण के दौरान आने वाली चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करता है। आईएसएसी के संस्थापक निदेशक राजशेखर पुल्लभटला ने कहा, "एनसीएसएसपी भारत के साइबर सुरक्षा परिदृश्य का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है। सीईआरटी-इंडिया की इस पहल में भागीदारी से यह सुनिश्चित होता है कि प्रतिभागियों को उच्चतम तकनीकी और नैतिक मानकों के अनुरूप प्रशिक्षित किया जाए, जिससे वे देश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को सुरक्षित रख सकें।" सीईआरटी-इंडिया के महानिदेशक डॉ. संजय बहल ने इस साझेदारी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा, "यह सहयोग सीईआरटी-इंडिया और आईएसएसी जैसे अग्रणी संगठनों को एकजुट करता है, जो भारत की साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस कार्यक्रम से जुड़े कई प्रतिभागी नेशनल सिक्योरिटी डेटाबेस (एनएसडी) का हिस्सा हैं और देश की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।" प्रोग्राम की विशेषताओं के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि 12 क्षेत्रों में विस्तृत प्रशिक्षण, जिसमें एआई, मशीन लर्निंग, और स्पेस साइबर सुरक्षा जैसे आधुनिक विषय शामिल हैं। रियल-लाइफ सिमुलेशन गेम्स के माध्यम से वास्तविक दुनिया की साइबर चुनौतियों से निपटने की तैयारी तथा फिजिकल साइबर रेंज के माध्यम से स्मार्ट सिटी इंफ्रास्ट्रक्चर पर साइबर-फिजिकल हमलों का व्यावहारिक प्रशिक्षण के साथ ऑफ-ग्रिड लिविंग अनुभव, जो टीमवर्क और नेतृत्व कौशल को बढ़ावा देता है।

## फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज में सबसे अधिक उम्र की भारतीय मरीज की घुटने की सफल रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई

### गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित 97 वर्षीया महिला की घुटने की जटिल टोटल रिप्लेसमेंट सर्जरी की गई




**नई दिल्ली, 18 अक्टूबर, 2024:** फोर्टिस हॉस्पिटल वसंत कुंज के चिकित्सकों ने 97 वर्षीया महिला के घुटने की सफलतापूर्वक टोटल रिप्लेसमेंट सर्जरी की, जिससे गंभीर ऑस्टियोआर्थराइटिस से पीड़ित होने के बावजूद वह बिना किसी सहारे के चलने-फिरने में सक्षम हुई हैं। फोर्टिस अस्पताल वसंत कुंज के ऑर्थोपेडिक, रिप्लेसमेंट और रिकंस्ट्रक्शन के डायरेक्टर डॉ. धनंजय गुप्ता के नेतृत्व में यह सर्जरी की गई, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों की टीम ने सहयोग किया और रोगी की सुरक्षित रिकवरी सुनिश्चित की। सफल सर्जरी के बाद रोगी की स्थिति में सुधार होने के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। यह वृद्ध आर्थोपेडिक देखभाल में एक कीर्तिमान है। वह अस्पताल में घुटनों की रिप्लेसमेंट सर्जरी कराने वाली सबसे अधिक उम्र की भारतीय हैं। मरीज श्रीमती रेशम देवी, जो पिछले 30 वर्षों से वृंदावन के एक आश्रम में स्वतंत्र रूप से रह रही थीं, पिछले साल गिर गईं थीं, जिस की वजह से उनके बाएं कूल्हे में फ्रैक्चर और हड्डी खिसकने की समस्या हो गई थी। शुरू में उनकी कमजोर सेहत को देखते हुए उनका सामान्य उपचार किया गया, लेकिन कूल्हे में लचीलेपन की विकृति तथा दोनों घुटनों में एडवांस्ड ऑस्टियोआर्थराइटिस के कारण उन्हें चलने-फिरने में गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा था। बिना किसी की मदद और सम्मान के साथ जीने के लिए दृढ़ संकल्पित श्रीमती देवी ने अपनी मोबिलिटी को पूरी तरह से वापस पाने के लिए दोनों घुटनों की रिप्लेसमेंट कराने का निर्णय किया। अस्पताल में भर्ती होने के समय श्रीमती देवी का चलना-फिरना काफी दुष्कर था और दोनों घुटनों तथा बाएं कूल्हे में गंभीर दर्द की शिकायत थी। छह महीने से ज्यादा समय तक उन्होंने व्यापक फिजियोथेरेपी कराई और सर्जरी से पहले की तैयारी की, जिसमें उनकी हड्डियों को मजबूत करने के लिए टेरीपैराटाइड, कैल्शियम और विटामिन डी सप्लीमेंट के इंजेक्शन दिए गए थे। इसके बावजूद, उन्हें रोजमर्रा के कामकाज में दिक्कत आ रही थी और वह दूसरों की सहायता पर निर्भर थीं।

## संवेदनशील होना चाहिए सेवा के साथ मानव को प्रांत संघ चालक : प्रताप

**निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा है सबसे बड़ा कल्याणकारी : कुलपति प्रो.सिंह**

**हमारा देश फिर से बनेगा सोने की चिड़िया : कुलपति गर्ग**



प्रांत संघ चालक प्रताप सम्बोधित करते हुए।

सोनीपत, अक्तूबर : प्रांत संघ चालक प्रताप ने कहा कि हमें अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व करना चाहिए,जिसमें हमें विभिन्न माध्यमों से सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि सेवा के साथ साथ हमें संवेदनशील होना चाहिए। हमारा दृष्टिकोण भी सकारात्मक होना चाहिए।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत संघ चालक प्रताप थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने की,जबकि विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट विश्वविद्यालय के कुलपति पूर्व डीजीपी अशोक गर्ग थे।

प्रांत संघ चालक प्रताप ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है। हमारे देश युवा वैश्विक स्तर पर छाए हुए हैं। हमारी शिक्षा पद्धति श्रेष्ठ हैं। हम शिक्षा पद्धति के आधार पर ही अपने राष्ट्र को विश्व गुरु बना सकते हैं। जब हमारा राष्ट्र विश्व का नेतृत्व करेगा,तभी हम विश्व गुरु बनेगें। उन्होंने कहा कि हमारा दृष्टिकोण सकारात्मक होना चाहिए, इसके साथ ही साथ अगर हम प्रकृति के अनुकूल कार्य करने से ही मानव कल्याण हो सकता है।

प्रांत संघ चालक प्रताप ने कहा कि हमें विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलकर ही भारत को आत्मनिर्भर व समृद्ध राष्ट्र बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा स्वावलंबी होगा तो देश आत्मनिर्भर बनेगा। युवा निरोग होगा तो राष्ट्र सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को वैश्विक स्तर के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए। युवाओं की जीवन में प्रबंधन व रणनीति अच्छी होनी चाहिए। युवा को राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देना चाहिए।

कुलपति प्रो. सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि निस्वार्थ भाव से दूसरों का कल्याण ही नारायण सेवा है। विश्वविद्यालय में सवेरा स्कूल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा चलाया जा रहा है। सवेरा में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक आस पास के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि इसक सफल परिणाम भी सामने आने लगें। सवेरा के कुछ विद्यार्थियों का चयन नवोदय स्कूल में हो चुका है। जबकि सवेरा से ही शिक्षा ग्रहण करने के बाद कुछ विद्यार्थी विश्वविद्यालय में भी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण बड़ा होना चाहिए,तभी हम कामयाब होगें। युवाओं को स्वयं को इतना कामयाब बनाना होगा, कि वे स्वयं नौकरी के पीछे न जाए, बल्कि स्वयं दूसरों को रोजगार देने वाले बने। उन्होंने कहा कि जब हम दूसरों को रोजगार देगें तो यह भी एक प्रकार की सेवा ही है। स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय, राई के कुलपति पूर्व डीजीपी अशोक गर्ग ने कहा कि हमारी सभ्यता व संस्कृति का गौरवमयी इतिहास रहा है। अपनी सभ्यता व संस्कृति के आधार पर ही हम अपने राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाएगें। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में हमारे राष्ट्र सोने की चिड़िया कहलाता था। वह समय पुन फिर आने वाला है जब हमारा राष्ट्र पुनः सोने की चिड़िया कहलाएगा। उस समय को लाने का सूत्रधार हमारे देश के युवा बनेगें।

इस अवसर पर प्रो.ए.के.सिंह, विश्वविद्यालय के एनसीसी निदेशक लेफ्टिनेंट डा. प्रदीप सिंह, कार्यक्रम समन्यवक डा.एच.के. अग्रवाल, डा.सर्वजीत सिंह व डा.प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित थे।

### जिला में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन की स्थापना के लिए एक आवेदन पाया गया स्कीम के लिए योग्य

## एडीसी की अध्यक्षता में जिले में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन की स्थापना के लिए आवेदकों का चयन



अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन की स्थापना के लिए आवेदकों का चयन करते हुए ।

सोनीपत, अक्टूबर : अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन की स्थापना के लिए आवेदकों का चयन किया गया। जिला स्तरीय बैठक में कृषि विभाग से राकेश हुड्डा, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ कुलदीप दहिया, सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा, एलडीएम मनोज शेट्टी, बागवानी विभाग से तकनीकी सहायक व प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करने के लिए विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन 04 अगस्त 2024 तक लिए गए थे। बैठक में सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा ने बताया कि जिला सोनीपत में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करने के लिए विभागीय पोर्टल पर कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि इन पांच आवेदनों में से दो ने संबंधित दस्तावेज जमा नहीं करवाए और दो स्कीम के दिशा निर्देश पूर्ण नहीं कर रहे थे। जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी द्वारा इन चार आवेदनों को रद्द कर दिया गया है। अब जिले में केवल एक आवेदन इस स्कीम के लिए योग्य पाया गया है और इस आवेदन को अनुमोदन के लिए निदेशालय को भेजा जाएगा।

## खरीफ सीजन के तहत जिला में की जा चुकी 01 लाख 14 हजार 141 मीट्रिक टन धान की खरीद

**सोनीपत :** उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि खरीफ सीजन के अंतर्गत जिला में धान और बाजरा की आवक के साथ ही सुचारू रूप से इनकी खरीद की जा रही है। सोनीपत जिला में 17 अक्टूबर सायं तक 01 एक लाख 14 हजार 141 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें कॉमन धान 931 मीट्रिक टन, ग्रेड-ए 1147 मीट्रिक टन, बासमती 65 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म 01 लाख 11 हजार 998 मीट्रिक टन शामिल है। इसके अलावा जिला की सभी खरीद केंद्रों पर अब तक किसान 470.5 मीट्रिक टन बाजरा लेकर पहुंचे है। जिसकी खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि धान व बाजरा की खरीद के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की गई है। किसान के धान व बाजरे के एक-एक दाने को खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों व खरीद केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

## सोनीपत में परिचित के बुलाने पर नहीं गया चालक तो पीटा, बचाव में आए मालिक के सीने में चाकू मारा

सोनीपत, अक्तूबर : सोनीपत के गांव नाथूपुर में गांव के अड्डे पर स्थित ढाबे पर खाना लेने गए वाहन चालक को उसके पूर्व मालिक ने बुलाया तो उसने जाने से इंकार कर दिया। इस पर पूर्व मालिक ने उस पर हमला कर दिया। इस दौरान वहां मौजूद उसके वाहन मालिक व दोस्तों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। चालक के पूर्व मालिक ने वर्तमान मालिक के सीने में चाकू घोंप दिया। घायल को पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। गांव खेवड़ा निवासी कपिल ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त गांव नाथूपुर निवासी दिनेश के साथ अपने टेंपो टाटा-एस (छोटा हाथी) में सवार होकर नाथूपुर के अड्डे पर गए थे। उनके दोस्त गांव वाजीतपुर सबौली निवासी रामबीर भी अपनी स्कूटी पर वहां आ गए। वह सभी संतोष ढाबे पर खाना पैक कराने पहुंचे थे। तभी दिनेश का चालक समीर भी ढाबा पर खाना खाने आ गया। इसी दौरान गांव नाथूपुर का अंकित भी ढाबे पर पहुंचा और उसने दिनेश के पास चालक का काम करने वाले समीर को अपने साथ चलने के लिए आवाज लगाई। समीर पहले अंकित के वाहन पर चालक था। उसने अंकित के साथ जाने से मना कर दिया और वह कपिल की टाटा-एस गाड़ी में जाकर बैठ गया। इस पर अंकित भडक गया और उसने समीर पर हमला कर दिया। इस पर कपिल, दिनेश व रामबीर बीच बचाव करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान अंकित के तीन दोस्त गाड़ी लेकर ढाबे पर पहुंचे और उनकी पिटाई कर दी। बाद में वह भाग गए। इसी दौरान अंकित उन्हें 10 मिनट रूकने की धमकी देकर चला गया। कपिल का आरोप है कि अंकित अपने पिता सुनील, चालक रफीक व आजाद और एक अन्य साथी के साथ अपनी गाड़ी में सवार होकर आया। उन्होंने फिर से चारों की पिटाई कर दी। इसी बीच अंकित ने चाकू निकालकर उनके दोस्त दिनेश के सीने में घोंप दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। बाद में आरोपी भाग गए।

घायल दिनेश, कपिल व अन्य को अस्पताल में ले जाया गया। जहां से दिनेश को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले में कपिल के बयान पर हत्या की कोशिश, अवैध शस्त्र अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर भाकियू शंकर ने सौंपा ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को भाकियू शंकर कार्यकताओं ने समाधान दिवस में ज्ञापन सौंपकर विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग की, बता ते चले कि शनिवार को भारतीय किसान यूनियन शंकर के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी दिवाकर सिंह ने संपूर्ण समाधान दिवस में ज्ञापन सौंप कर मांग करते हुए कहा कि केंद्रों पर किसानों के धानों की खरीदारी नहीं हो पा रही है। विद्युत घर पर किसानों की शिकायत करने पर विभागीय लोगों द्वारा मारपीट किया जाना बहुत निंदनीय है। विद्युत बिलों में मीटर रीडरों द्वारा बड़ा खेल कर अधिक बिल निकाला जा रहा है जिसे संशोधन कर उपभोक्ताओं का बिल जमा कराया जाए,मोदी सरकार द्वारा सामान्य जातियों के ईडब्ल्यूएस नौकरी में 10 प्रतिशत आरक्षण देने तथा ग्रामीण क्षेत्र में आवासीय भूखंड बढ़ाया जाए। तहसील क्षेत्र के



शब्दलपुर सुमाली में किसान चीनी मिल की 18 किलोमीटर दूरी तथा रास्ता खराब हैं वहां गन्ना केंद्र खुलवाया जाए। तहसील क्षेत्र को विद्युत विभाग के भ्रष्टाचार से मुक्त किया जाए। एनपीके युरिया या डीएपी के साथ अन्य प्रोडक्ट थमाए जा रहे हैं उन पर लगाम लगाई जाए, मुख्यमंत्री ने 5 वर्ष पूर्व चीनी मिल विस्तारीकरण की घोषणा की थी अतः गन्ना मूल्य 4 सौ 50 रुपए कुंतल करते हुए चीनी मिल का विस्तारितकरण किया जाए, तिगरी से बृजघाट तक गंगा रिवर फ्रंट बनाते हुए पर्यटक स्थल घोषित कर तथा तिगरी धाम पर विद्युत शवदाह ग्रह बनाया जाए। साथ ही ट्रामा सेंटर खुलवाते हुए विकास प्राधिकरण एवं जिला सहकारी बोर्ड का गठन किया जाए। किसानों की खतौनी में उनके हिस्से नाम पिता का नाम एवं गांव लेखपालों को भेज कर सही कराया जाए। जनपद भर में क्षतिग्रस्त सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। आवारा कुत्तों, पशु, बंदरों तथा तेंदुए का आतंक रोका जाए, उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि 22 अक्टूबर तक निस्तारण नहीं किया जाता है तो 23 अक्टूबर को उपजिलाधिकारी कार्यालय पर आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान मौके पर राजीव कुमार, भजनलाल सैनी, शेर सिंह राणा, उमेश चौधरी, मोहसिन, राजपाल सैनी, सतीश कुमार, जितेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, हरि सिंह, चेतराम सिंह, बुद्ध प्रकाश, चौखेलाल सैनी, समेत अन्य लोग मौजूद है।

# राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद ने राशन कार्ड एवं अन्य समस्याओं को लेकर समाधान दिवस में दिए ज्ञापन

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं आरटीआई परिषद के कार्यकताओं ने नगर में राशन कार्ड धारकों की समस्याओं को लेकर एवं अन्य समस्याओं को लेकर अधिकारियों को ज्ञापन दिया, राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव के नेतृत्व में परिषद के पदाधिकारी ने नगर क्षेत्र में पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड बनवाए जाने को लेकर पात्र व्यक्तियों के साथ पहुंचकर अधिकारियों को ज्ञापन दिया, और जल्द से जल्द गरीब एवं पात्र व्यक्तियों के राशन कार्ड बनवाए जाने की मांग की, वहीं राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई के जिला उपाध्यक्ष विजय पारछा ने नगर पालिका द्वारा 1 अप्रैल 2024 से 410 रुपए प्रति माह/ प्रति कर्मचारी का एरियर का भुगतान अभी तक नहीं



किए जाने को लेकर अधिकारियों से कर्मचारियों का सभी बकाया एरियर का भुगतान किए जाने की मांग को लेकर प्रार्थना पत्र दिया, इस संबंध में राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनदयाल यादव एडवोकेट ने बताया कि राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद पीड़ित व्यक्तियों के साथ हमेशा खड़ा है उन्होंने आवाहन करते हुए कहा कि राष्ट्रीय मानव अधिकार प्रत्येक व्यक्ति की समस्या के समाधान के लिए हमेशा तत्पर है, इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय मानव अधिकार एवं आरटीआई परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट दीनदयाल यादव, एडवोकेट टेकचंद राणा, एडवोकेट प्रमोद शर्मा, प्रदेश महामंत्री अरुण त्यागी, राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी प्रवीण अग्रवाल, विजय पारछा, सचिन गुप्ता, सरदार हरिश्चंद्र, तहसील अध्यक्ष सीमा यादव, रजनी, पवन कुमार आदि सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आई 32 शिकायतो में से मात्र दो का हुआ निस्तारण



**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को शासन की मनसा अनुसार लगाए जा रहे संपूर्ण समाधान दिवस में 32 शिकायतें दर्ज की गई, जिसमें से मात्र दो शिकायतों का ही मौके पर निस्तारण हो पाया, शनिवार को नगर के ब्लॉक सभागार कक्ष में उप जिला अधिकारी सुनीता सिंह एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत द्वारा पीड़ितों की फरियाद सुनी गई, जिसमें राजस्व विभाग की नौ, पुलिस विभाग की पांच, पूर्ति विभाग की चार, चकबंदी विभाग की दो, विकास विभाग की पांच, विद्युत विभाग की 6 एवं एक अन्य विभाग सहित कुल 32 शिकायते प्राप्त हुई, जिसमें से अधिकारियों ने दो शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया एवं अन्य शिकायतों के समाधान के लिए संबंधित हल्का लेखपाल वह अन्य जिम्मेदार अधिकारियों को सौंप दिया गया, इस मौके पर एसडीएम सुनीता कुमारी ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक किया जाए एवं शिकायतकर्ता के संतुष्टि के बाद ही शिकायत का निस्तारण माना जाएगा, उन्होंने कहा कि सरकार की निगाह संपूर्ण समाधान दिवस में आ रही शिकायतों के निस्तारण पर है, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा कभी भी शिकायतों का अवलोकन किया जा सकता है इसलिए निष्पक्ष एवं गुणवत्ता पूर्वक शिकायतों का निस्तारण करें।

# पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग ,के० जी० एम०यू० ने मनाया 26 वां स्थापना दिवस समारोह

**लखनऊ।** पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी लखनऊ ने 19 अक्टूबर 2024 दिन शनिवार को अपना 26 वां स्थापना दिवस एवं सतत शिक्षा कार्यक्रम मनाया। इस कार्यक्रम में जेनी लिंड अस्पताल नॉर्विक यू०के० के डा० आशीष मिनोचा ने वाखलू-टंडन व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने "यूनाइटेड किंगडम में पीडियाट्रिक सर्जरी प्रशिक्षण की संभावनाओं" के बारे में चर्चा की। इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न हिस्सों से आये अन्य विशेषज्ञों ने भी मल द्वार विकृति के इलाज के बारे में अपने अनुभव साझा किये। डा० ए०एन० गंगोपाध्याय ने अवगत कराया कि मल द्वार की सर्जरी एक ही चरण में की जा सकती






है। डा० एस० एन० कुरील और डा० सुनीता ने क्रमशः लड़के एवं लड़कियों में इस स्थिति के इलाज के बारें में जानकारी दी। इन रोगियों में लैप्रोस्कोपी विधि द्वारा इलाज के बारे में मुंबई के डा० रसिक शाह और जबलपुर के डा० विकेश अग्रवाल ने अपने अनुभव साझा किये। डा० शिल्पा, डा० सिम्मी रतन ने मल द्वार की जटिलता के आपरेशन के विषय में बताया है इसके अतिरिक्त विशेषज्ञों में पी०जी०आई० चण्डीगढ से डाक्टर रवि कनौजिया, श्रीनगर से डा० राशिद, दिल्ली से डा० संदीप सिन्हा ने भी अपने अपने अनुभव साझा किये। समारोह के उद्घाटन की अध्यक्षता कुलपति डा० सोनिया नित्यानंद और उप कुलपति डा० अपजीत कौर एवं डीन डा० अमिता जैन ने किया। पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डा० एस० एन० कुरील ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत किया, आयोजन सचिव एवं पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा० जे० डी० रावत ने विभाग की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की उन्होनें बताया कि मल द्वार का न होना एक महत्वपूर्ण जन्मजात स्थिति है और किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पीडियाट्रिक सर्जरी विभाग के पास इन रोगियों के इलाज में व्यापक अनुभव है। डा० अर्चिका गुप्ता ने इस कार्यक्रम में आये सभी मेहमानों का एवं विभाग के सभी डाक्टरों, कर्मचारियों एवं नर्सिंग स्टॉफ को कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान के लिए धन्यवाद दिया।

# करवा चौथ के व्रत को लेकर महिलाओं की तैयारी पूर्ण, आज पति की लंबी आयु के लिए रखेंगी व्रत

**लोक तंत्र की शान**
**प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी**
**अमरोहा**

**हसनपुर।** शनिवार को करवा चौथ के पर्व को लेकर महिलाओं ने जमकर खरीदारी की, करवा चौथ का पावन पर्व रविवार को मनाया जाएगा जिसमें महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए पूरे दिन निर्जला व्रत रख कर उनकी लंबी आयु की कामना करेंगी तथा श्याम को चांद को देखकर अर्क दिया जाएगा और उसके बाद अपने व्रत का परायण अपने पतियों द्वारा जल ग्रहण करके किया जाएगा, बता दे की पूरे देश में करवा चौथ का त्यौहार रविवार को मनाया जा रहा है जिसे लेकर हसनपुर नगर में भी महिलाओं ने बाजार में पहुंचकर सौंदर्य प्रसाधन एवं पूजन सामग्री तथा अन्य जरूरी वस्तुओं की खरीदारी की, नगर में महिलाओं की भारी भीड़ बाजार में नजर आई, महिलाओं द्वारा करवा चौथ की पूर्व संध्या पर मेहंदी रचाई गई, उधर ब्यूटी पार्लरो पर महिलाओं की खासी भीड़ नजर आई, मेहंदी लगबाने के लिए भी महिलाओं को घंटों इंतजार करना पड़ा, महिलाओं ने करवा चौथ पर करवा चौथ का कैलेंडर एवं बिछुए, पायल आदि की भी खरीदारी की, उधर त्यौहार के चलते नगर में अत्यधिक भीड़ नजर आई, वही जगह-जगह मयूरीयो की वजह से जाम नजर आया उधर पुलिस द्वारा पिकेट व्यवस्था कर असामाजिक तत्वों पर नजर रखी गई तथा मयूरियों का रूट डायवर्जन किया गया ' उधर नगर में बंदरों के आतंक के चलते कई स्थानों पर खरीदारी कर के अपने घर को जा रही महिलाओं को बंदरों ने काट कर घायल कर दिया तथा उनका सामान भी छीन लिया, जिसको लेकर नगर वासियों में रोष व्याप्त है, बता ते चले कि बंदरों को पकड़ने के लिए पूर्व में शिवसेना कार्यकताओं व भारतीय किसान संघ द्वारा संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन दिया जा चुका है, तथा सामाजिक कार्यकताओं ने बंदरों को पकड़वाये जाने की मांग की है।

# प्रभु श्रीराम के जीवन प्रसंगों पर आधारित 18 प्रसंगों की झांकियां बनेंगी आकर्षण का केंद्र

**अयोध्या,19 अक्टूबर।** अयोध्या में योगी सरकार की ओर से लगातार सात वर्ष से भव्य दीपोत्सव का आयोजन कर गिनीज बुक में रिकॉर्ड दर्ज कराया जाता रहा है। पिछले वर्षों में आयोजित हुए दीपोत्सव के सभी रिकॉर्ड को तोड़ते हुए आठवें दीपोत्सव को हर बार के दीपोत्सव से और अधिक भव्य बनाने की तैयारी की जा रही है। अयोध्या जिला प्रशासन रात दिन एक कर दीपोत्सव को यादगार बनाने में जुटा है। उल्लेखनीय है कि दीपोत्सव ने केवल देश बल्कोकि पूरी दुनिया में यूनीक इवेंट की तौर पर अपनी पहचान सशक्त कर चुका है जिसे देखने के लिए देश विदेश से दर्शक अयोध्या आते हैं। मंडलायुक्त गौरव दयाल ने बताया कि दीपोत्सव के लिए हर कार्यक्रम को अनूठा बनाने की व्यापक तैयारी की जा रही है। दीपोत्सव में विभिन्न प्रकार



की लाइटिंग से अयोध्या को सजाया जा रहा है। इनमें प्रभु श्रीराम के आदर्श चरित्र से जुड़े 18 प्रसंगों पर आधारित झांकियां रहेंगी। इनमें 11 झांकियां सूचना विभाग की ओर से और सात झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की जा रही हैं।

**›› भगवान राम से जुड़े इन प्रसंगों पर आधारित होंगी झांकियां...**

आठवें दीपोत्सव पर आयोजित होने वाली झांकियों में श्रीराम की शिक्षा, सीता- राम विवाह , राम- वन गमन , भरत मिलाप, शबरी प्रसंग , अशोक वाटिका, हनुमान का लंका गमन, शक्तिबाण लगने से लक्ष्मण का मूर्छित होना, रावण वध, राम का पुनः अयोध्या आगमन और दीपोत्सव पर आधारित झांकियां निकाली जाएगी। ट्रकों पर यह झांकियां सजाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

**›› राम चरित मानस के विभिन्न कांडों पर आधारित होंगी झांकियां**

साकेत महाविद्यालय में रामायण कालीन प्रसंग मंचन करने के लिए 18 झांकियां सजाई जा रही हैं, जिसमें 11 झांकियां सूचना विभाग और सात झांकियां पर्यटन विभाग की ओर से तैयार की जाएंगी। पर्यटन विभाग की ओर से दीपोत्सव पर सात झांकियां निकाली जाएगी। जिसमें तुलसीकृत राम चरित मानस के सात अध्याय बाल काण्ड, अयोध्या काण्ड, अरण्य काण्ड, सुन्दर काण्ड,किष्किंधा काण्ड, लंका काण्ड व उत्तर काण्ड पर आधारित सात झांकियां निकाली जाएगी।

# सचिव एमएसएमई भारत सरकार ने इत्र उद्योग को बढ़ावा देने पर दिए निर्देश

**कन्नौज/ लखनऊ** 19 अक्टूबर 2024 कन्नौज दौरे पर आए सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम भारत सरकार के सचिव एस.सी.एल. दास ने इत्र उद्योग को बढ़ावा देने और निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। कन्नौज स्थित एफएफडीसी सभागार में आयोजित बैठक में उन्होंने प्रमुख उद्यमियों और औद्योगिक संगठनों के साथ इत्र उद्योग की मौजूदा चुनौतियों और उनके समाधान पर विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान उद्यमियों ने सैंडलवुड की जगह अन्य बेस ऑयल विकल्प तलाशने और फूलों व मसालों की स्थानीय स्तर पर खेती करने की आवश्यकता पर चर्चा की। साथ ही, इत्र उत्पादों की पैकेजिंग के महत्व को देखते हुए, जनपद में एक पैकेजिंग संस्थान या उसकी शाखा स्थापित करने का भी प्रस्ताव रखा गया। एसोसिएशन



के अध्यक्ष पवन त्रिवेदी ने गंगा के किनारे फूलों की खेती को बढ़ावा देने और औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार की मांग की। उद्यमियों ने निर्यात में कस्टम से जुड़ी समस्याओं को भी उठाया, खासतौर से चंदन के तेल और उससे जुड़े उत्पादों के निर्यात में आने वाली बाधाओं को लेकर। उन्होंने इत्र और परफ्यूम के लिए अलग-अलग मानक तय करने की मांग की और भारत मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा इत्र का मानकीकरण किए जाने का सुझाव दिया। औद्योगिक आस्थान के अध्यक्ष आदित्य कुमार मिश्रा ने इत्र उद्योग में रिसर्च और डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए विशेष पैकेज की मांग की, और सूक्ष्म इकाइयों के लिए टेस्टिंग में सब्सिडी की सुविधा दिए जाने का अनुरोध किया। बैठक में सचिव दास ने एफएफडीसी के प्रधान निदेशक को इत्र उत्पादों के मानकीकरण पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि वाणिज्य मंत्रालय और जीएसटी काउंसिल से समन्वय स्थापित कर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके साथ ही, जनपद में एक सामान्य सुविधा केंद्र की स्थापना की दिशा में भी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। दौरे के दौरान, सचिव दास ने गोपाल सैनी फार्मलैंड में फूलों की खेती का भौतिक निरीक्षण किया और एफएफडीसी कन्नौज कैंपस का भी दौरा किया। वहां उन्होंने एरोमेटिक्स प्लांट्स की जानकारी ली और आईसीएआर-डीएफआर पुणे से आए वैज्ञानिकों के साथ संवाद किया। सचिव ने जिला उद्योग केंद्र कन्नौज द्वारा संचालित 'एक जनपद एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के तहत आयोजित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह में भाग लिया। उन्होंने प्रशिक्षार्थियों से संवाद कर उनकी प्रगति की जानकारी ली और प्रमाण-पत्र वितरित किए। अपने संबोधन में सचिव ने प्रशिक्षार्थियों को उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि सरकार उनके साथ हर संभव सहयोग के लिए तैयार है।

# उपचुनाव को लेकर सीएम योगी ने की अहम बैठक



**लखनऊ, 19 अक्टूबर।** प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर होने वाले उपचुनाव को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपमुख्यमंत्री, जिलों के प्रभारी मंत्री और भाजपा संगठन के पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान उपचुनाव को लेकर व्यापक विचार विमर्श हुआ और रणनीतियां तैयार की गईं। बैठक में मुख्यमंत्री ने सभी 9 सीटों पर उपचुनाव को जीतने के लिए मंत्रियों और पदाधिकारियों की जिम्मेदारियां भी निर्धारित किया।

**›› हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा से जुटें**

बैठक के दौरान मंत्रियों और पदाधिकारियों के बीच आपसी समन्वय को और अधिक मजबूत करने पर जोर दिया गया। यह भी तय हुआ कि उपचुनाव में पार्टी का कोई भी नेता अपने निर्धारित क्षेत्र में जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में कोई कमी न छोड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपचुनाव जीतना केवल चुनावी सफलता नहीं बल्कि जनता के विश्वास की जीत होगी, इसलिए हर सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ काम किया जाना चाहिए।

**›› बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक**

सीएम योगी ने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं को बूथ स्तर तक चुनाव प्रबंधन को मजबूती से संभालने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपचुनाव में हर सीट महत्वपूर्ण है और इसके लिए बूथ स्तर पर सटीक प्रबंधन और निगरानी आवश्यक है। मुख्यमंत्री ने नेताओं को अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय रहने और जमीनी स्तर पर लोगों के बीच जाकर चौपाल लगाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने जोर देते हुए कहा कि चौपाल के माध्यम से जनता की समस्याओं को समझा जाए और उनका समाधान किया जाए जिससे लोगों का विश्वास पार्टी में बढ़े।

**लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें**

बैठक में मुख्यमंत्री ने यह भी निर्देश दिया कि प्रभारी मंत्री और पदाधिकारी उन जिलों में अधिक समय बिताएं जहां उपचुनाव हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में जाकर लोगों से सीधा संवाद स्थापित करें, उनकी समस्याओं को सुनें और त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। जिलों के स्थानीय पदाधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चुनावी तैयारियों को और सुदृढ़ किया जाए।

**›› प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया**

इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने भी पार्टी की तैयारियों का जायजा लिया और सभी कार्यकताओं का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने कहा कि पार्टी सभी 9 सीटों के लिए पूरी तैयारी कर चुकी है और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। चौधरी ने विश्वास जताया कि पार्टी न सिर्फ 9 घोषित सीटों पर विजय प्राप्त करेगी बल्कि जल्द ही दसवीं सीट भी घोषित होगी और वह भी भाजपा के खाते में ही जाएगी।


**›› इन सीटों पर होना है उपचुनाव**

बता दें कि जिन 10 सीटों पर उपचुनाव होने हैं उसमें 5 सपा और 5 एनडीए गठबंधन के पास थी। बीजेपी के खाते में 3 सीट थी। एक आरएलडी के पास थी और एक निषाद पार्टी के पास थी। कटेहरी, करहल, सीसामऊ, कुंदरकी सीट सपा ने 2022 में जीती थी। अयोध्या की मिल्कीपुर सीट भी सपा के खाते में थी। जिस पर अभी तारीख नहीं आई है। इसके अलावा फूलपुर, मझवां, गाजियाबाद सदर, खैर, मीरापुर सीट पर उपचुनाव होना है। बैठक में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, सूर्यप्रताप शाही समेत राज्य के कई वरिष्ठ मंत्री और प्रभारी मंत्री समेत भाजपा के पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# अनवरत'- उत्कृष्ट शिक्षा के गौरवपूर्ण 25 वर्ष

**लखनऊ।** श्री रामस्वरूप मेमोरियल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड मैनेजमेन्ट, लखनऊ द्वारा आज दिनांक 19.10.2024 को चार दिनों तक चलने वाले 'सिलवर जुबली' के चौथे दिन समापन दिवस के भव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस श्रृंखला में 'स्टार नाइट' का आगाज बॉलीवुड की मशहूर गायिका शिल्पा राव की धमाकेदार प्रस्तुति के साथ सम्पन्न हुआ। सुश्री शिल्पा राव एक भारतीय बॉलीवुड प्रसिद्ध गायिका है उन्होंने हिन्दी फिल्मों में बहुत सारे गीत प्रस्तुत किये हैं जिसमें से मुख्य 'दो अजनवी', 'खुदा जाने' 'आज जाने की जिद ना करो' 'बेशर्म रंग' जैसे शानदार गीतों को गाया है। इनके द्वारा प्रस्तुत गीतों से पूरे संस्थान का वातावरण बहुत मधुर व मनोरंजक रहा। सभी श्रोताओं ने इनके गानों का बेहद आनन्द लिया। कार्यक्रम का माहौल इस कदर परवान चढ़ा कि सभी उपस्थित





जन समूह उनके सुर से सुर मिलाते हुए मस्ती से सराबोर हो उठे एवं थिरकने पर मजबूर हो गए। इस समारोह के दौरान संस्थान द्वारा शिक्षक/शिक्षिकाओं, कर्मचारियों वेन्डर्स एवं पूर्व छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। समारोह का रंगारंग समापन संस्थान के अधिशाषी निदेशक व संस्थापक ई० पंकज अग्रवाल जी के प्रेरणादायी उद्बोधन के साथ हुआ। इस अवसर पर संस्थान की अतिरिक्त अधिशाषी निदेशिका एवं सह-संस्थापिका इं० पूजा अग्रवाल जी ने गायिका सुश्री शिल्पा राव को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया एवं उपस्थित सभी आगन्तुकों को धन्यवाद दिया। उक्त समारोह में संस्थान के समूह निदेशक प्रो० (डा०) भावेश कुमार चौहान ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी का उत्साहवर्धन किया एवं कार्यक्रम को सराहा तथा छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सीएम योगी फिर बने भाजपा के सक्रिय सदस्य

**लखनऊ, 19 अक्टूबर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता का नवीनीकरण करते हुए सक्रिय सदस्य के रूप में फिर से स्वयं को पार्टी के प्रति समर्पित किया है। सीएम योगी ने यह नवीनीकरण भाजपा के 'सक्रिय सदस्यता अभियान' के तहत किया है, जिसे पार्टी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर 'राष्ट्र प्रथम' की भावना से प्रेरित होकर आरंभ किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अभियान में शामिल होकर अपनी प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए कहा कि वे विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के सदस्य के रूप में गर्व महसूस कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर अपने सभी समर्थकों और कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू हुए इस महत्वपूर्ण अभियान से जुड़ें। उन्होंने इस बात पर जोर



दिया कि यह अभियान न केवल पार्टी को मजबूत करेगा बल्कि 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को साकार करने में भी सहायक होगा। इस अभियान का उद्देश्य भारतीय जनता पार्टी के सदस्यों की संख्या को और भी व्यापक बनाना और पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाना है। भाजपा, जो राष्ट्रवाद और विकास को अपने मुख्य आधार के रूप में मानती है, इस अभियान के माध्यम से अपनी वैचारिक शक्ति को और बढ़ाने की दिशा में अग्रसर है। इस सदस्यता अभियान के तहत देश भर में लाखों कार्यकर्ता और समर्थक भाजपा से जुड़ने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। योगी आदित्यनाथ के इस कदम से पार्टी को और भी मजबूती मिलेगी और भारतीय राजनीति में भाजपा का वर्चस्व और अधिक सशक्त होगा। उनका आह्वान है कि सभी लोग इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें और देश को एक नई दिशा में ले जाने के प्रयासों को मजबूती प्रदान करें।

# वायु वीर विजेता कार रैली अयोध्या से होकर गुजरी

भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित 7000 किलोमीटर की वायु वीर विजेता कार रैली, 18 अक्टूबर, 2024 को अयोध्या से होकर गुजरी। लगभग 55 सवार इस रैली का हिस्सा हैं जो थोइस, लद्दाख से तवांग, अरुणाचल प्रदेश तक जा रही है। अयोध्या में पड़ाव के दौरान रैली ने प्रतिभागियों ने प्रमुख स्थानीय धार्मिक स्थलों का दौरा किया और आशीर्वाद मांगा। इससे पहले रैली का वायु सेना स्टेशन बख्शी का तालाब, लखनऊ में गर्मजोशी से स्वागत किया गया और सभी प्रतिभागी 18 अक्टूबर, 2024 को ही गोरखपुर पहुंची। सवार 19 अक्टूबर, 2024 को रैली के अगले पड़ाव दरभंगा के लिए रवाना हुए। रैली में भाग ले रहे कई शीर्ष वायु सेना और सेना अधिकारी, इस रैली के माध्यम से भारतीय वायुसेना द्वारा किए गए सार्वजनिक आउटरीच की एक नई गाथा बुन रहे हैं। यह रैली 8 अक्टूबर, 2024 को 3,068 मीटर की ऊंचाई पर स्थित, दुनिया के सबसे ऊंचाई वाले एयरबेस में से एक, थोइस से शुरू हुई। रैली के 16 निर्धारित पड़ावों के दौरान, प्रतिभागी छात्रों और जनता के साथ जुड़ेंगे, भारतीय वायुसेना की उपलब्धियों के बारे में संवाद बनाएंगे।



# आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024

**लखनऊ।** नोडल प्रधानाचार्य राजकीय आईटीआई अलीगंज, राज कुमार यादव ने बताया कि लखनऊ जनपद के सभी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में सत्र 2024 के विभिन्न व्यवसायों में रिक्त सीटों के लिए प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2024 सायं 05:00 बजे तक है। सभी इच्छुक अभ्यर्थी जिन्होंने आवेदन किया है, लेकिन किसी कारणवश प्रवेश नहीं ले सके हैं, अथवा जिनका चयन नहीं हुआ है, वे जनपद के किसी भी राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं। प्रवेश के समय अभ्यर्थियों को अपना प्रार्थना पत्र, ऑनलाइन किया हुआ आवेदन पत्र, रैंक पत्र और शैक्षिक योग्यता के प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। अभ्यर्थियों को समय पर उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

# सोनीपत

## मन सकारात्मक है, तो हम सकारात्मक परिणामों की ओर अग्रसर होते हैं : डॉ मणिभद्र मुनि महाराज



डॉ मणिभद्र मुनि महाराज श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए।

सोनीपत : नेपाल केसरी, राष्ट्रसंत, मानव मिलन के संस्थापक डॉ मणिभद्र मुनि महाराज ने कहा कि आज का युग परिवर्तन का युग है। इंसान अपनी संस्कृति, प्रकृति, और सभ्यता को बदलने की कोशिश कर रहा है। लेकिन जब बात मन की आती है, तो ज्यादातर लोग उसे बदलने से कतराते हैं। हम अक्सर यह सोचते हैं कि बाहरी परिवर्तनों से हम अपने जीवन को बेहतर बना सकते हैं, लेकिन असली बदलाव तो अंदर से, अर्थात मन से शुरू होता है। मन एक अत्यंत शक्तिशाली साधन है। यह हमारी सोच, हमारी भावनाएं, और हमारे कार्यो को निर्धारित करता है। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज शहर की गुड मंडी स्थित श्री एसएस जैन सभा जैन स्थानक में आयोजित चातुर्मास के दौरान उपस्थित भक्तजनों को संबोधित कर रहे थे। डॉ श्री मणिभद्र मुनि जी महाराज ने कहा कि यदि हमारा मन सकारात्मक है, तो हम सकारात्मक परिणामों की ओर अग्रसर होते हैं। इसके विपरीत, नकारात्मक मनोदशा हमें निराशा और असफलता की ओर ले जाती है। इस प्रक्रिया में, हमें धैर्य, समर्पण, और लगातार प्रयास की आवश्यकता होगी। कार्यक्रम में बड़ौत से बैरागन वंशिका जैन, समृद्धि जैन पहुंची। जिनका श्री एसएस जैन सभा गुड मंडी द्वारा विशेष सम्मान किया गया। दोनों बैरागन बड़ौत में 15 जनवरी 2025 को दीक्षा प्राप्त करेगी। इस अवसर पर त्रिलोक जैन, महावीर प्रसाद जैन, राजेंद्र वर्मा, नरेंद्र जैन, राकेश जैन, सुमेर चंद जैन, महावीर प्रसाद पीपली खेड़ा वाले, सुरेश जैन, राकेश जैन आदि गणमान्य मौजूद थे।

## ढाबे से रुपये चोरी करने की घटना में संलिप्त 2 और आरोपी गिरफ्तार

सोनीपत : जिले की एसएजी यूनिट सैक्टर-7, सोनीपत की पुलिस टीम ने ढाबे से रुपये चोरी करने की घटना में संलिप्त दो और आरोपियों दिलीप उर्फ छोटू पुत्र रमेश निवासी खेतवाडी व विनोद पुत्र बंदूलाल निवासी हरदोई उतरप्रदेश को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गत 11 अप्रैल को मन्जीत पुत्र बलबीर झिलमिल ढाबा संचालक, मुरथल नें थाना मुरथल में शिकायत दी थी की मै रोड मुरथल पर झिलमिल ढाबा व प्राईम रोज होटल चलाता हूं दिनाक 20-4-23 से 5 कर्मचारी हमारे पास मैनेजर के तौर पर काम करते थे। जो दिनाक 08.04.2024 की रात को झिलमिल ढाबा व प्राईम रोज होटल दोनों का कुल कैश 9 लाख 80 हजार चोरी करके भाग गये जो तकरीबन 7/8 दिन का कैश था। इस घटना का भारतीय दण्ड सहिंता की धाराओं के तहत थाना मुरथल में मामला दर्ज किया गया था। एसएजी यूनिट सैक्टर-7, सोनीपत की अनुसंधान टीम में नियुक्त सहायक उप निरीक्षक पवन ने अपनी पुलिस टीम के साथ घटना में संलिप्त तीन आरोपियों प्रदीप, अंकित व ओमकार को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था अब अन्य आरोपियों की खोजबीन करते हुए घटना में संलिप्त दो और आरोपियों दिलीप उर्फ छोटू पुत्र रमेश निवासी खेतवाडी व विनोद पुत्र बंदूलाल निवासी हरदोई उतरप्रदेश को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार तीन दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिए गये है।

## कैंटर चालक का अपहरण कर 50 बैग कंबल, नकदी और मोबाइल लूटा, देर रात लघुशंका के लिए रुका था चालक

सोनीपत : नैशनल हाईवे-44 पर बहालगढ़ के पास लघुशंका को रुके कैंटर चालक का अपहरण कर दो बदमाश 50 बैग (बोरे) कंबल, 22 सौ रुपये व मोबाइल लूट ले गए। बदमाश कैंटर चालक की आंखों पर पट्टी बांधने के बाद उसे खेत में पेड़ से बांधकर भाग गए। बंधन मुक्त होकर चालक ने मामले की शिकायत पुलिस को दी। बाद में कैंटर को 334बी पर गांव गढ़ मिर्कपुर के पास से बरामद किया गया है। मूलरूप से यूपी के जिला गोंडा के गांव अनंतपुर हाल पानीपत की अनाज मंडी क्षेत्र निवासी कृष्णा यादव ने बहालगढ़ थाना पुलिस को बताया कि वह सिद्धी विनायक ट्रांसपोर्ट, पानीपत की गाड़ी पर चालक हैं। वह बुधवार रात साढ़े 11 गाड़ी में 62 बोरे में भरे कंबल लेकर श्री कैलाशपति हैंडलूम पानीपत से दिल्ली के लिए चले थे। वह रास्ते में अपने कमरे पर खाना खाने चले गए। वहां से देर रात करीब डेढ़ बजे दिल्ली के लिए निकल लिए। वह बहालगढ़ फ्लाईओवर के पास पहुंचे तो उन्होंने कैंटर को रोक दिया और लघुशंका के लिए चले गए। जब वह वापस आए तो दो युवक अचानक उनके पास आ गए। उन्होंने आते ही उसे जबरन गाड़ी में डाल लिया और पिटाई करने लगे। उसके बाद गाड़ी में उसकी आंखों पर पट्टी बांध दी और दोनों हाथ बांध दिए। कुछ दूर चलने के बाद उन्हें नीचे उतारा और खेत में ले जाकर रस्सी से पेड़ से बांध दिया। उसके बाद कैंटर, उनका मोबाइल व जेब से 2200 रुपये लेकर भाग गए। उन्होंने मशक्कत के बाद खुद को बंधन मुक्त किया। उसके बाद राहगीरों की मदद से कैंटर मालिक को अवगत कराया। कैंटर मालिक व हैंडलूम संचालक मौके पर पहुंचे। कैंटर मालिक पानीपत की जसबीर कॉलोनी निवासी राजपाल ने मौके पर पहुंचकर गाड़ी की लोकेशन जीपीएस पर देखी तो वह एनएच-334बी पर गांव गढ़ मिर्कपुर के पास मिली। वह मौके पर पहुंचे तो देखा कि गाड़ी वहां खड़ी थी। उसमें से 50 बैग कंबल गायब मिले। उन्होंने मामले से बहालगढ़ थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने लूट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। बहालगढ़ थाना पुलिस बदमाशों का सुराग लगाने का प्रयास कर रही है।

## पारिवारिक सपोर्ट के चलते पहुंची जज के मुकाम तक : नीतू खोखर



न्यायाधीश नीतू खोखर का स्वागत करती महिलाएं।

खरखौदा : जज बनने के बाद खरखौदा उपमंडल के गांव थाना कलां में पहुंची नीतू खोखर का ग्रामीणों खासकर महिलाओं ने फूल मालाओं से स्वागत किया। नीतू खोखर पिपली मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप संचालक अरुण खोखर की धर्मपत्नी है। नीतू गढ़ शहजानपुर की बेटी हैं। ज्ञातव्य है कि इनके पिता राजेंद्र कुमार की 2004 में मृत्यु हो गई थी। ऐसे में उसकी मां वीरमति ने पढ़ाई का जिम्मा उठाया और उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है। न्यायाधीश नीतू खोखर ने कहा कि किसी भी व्यक्ति की सफलता के पीछे उसके मां-बाप उसके धर्म के मां-बाप व उनके पति और पूरे परिवार की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने परिवार का पूरा सपोर्ट मिला और वह आज इस मुकाम तक पहुंची हैं। उनका मुख्य उद्देश्य गरीब से गरीब व्यक्ति को न्याय दिलाने का रहेगा। उन्होंने आज के युवाओं से अपील की है कि वह परिवार के महत्व को समझते हुए शिक्षा ग्रहण करें और अपने लक्ष्य को निर्धारित करके आगे बढ़े। उन्हें केवल मेहनत करनी है, लक्ष्य उन्हें खुद मिल जाएगा। इस बीच थाना कलां गांव में भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

## दिनेश बक्शी समाजसेवा के क्षेत्र में निभा रहे उल्लेखनीय भूमिका, राज्यपाल से भी हो चुके है सम्मानित

करनाल सुखविंदर सोही

करनाल। लक्ष्य जनहित सोसायटी के फाउंडर दिनेश बक्शी ने एमरजैंसी कॉल पर सी.एच.डी स्थित पार्क अस्पताल में जाकर प्लेटलेटस दान कर मानवता का फर्ज निभाया है। दिनेश बक्शी अब तक 76वीं बार प्लेटलेटस दान कर चुके है। यही नहीं समाजसेवी दिनेश बक्शी 134वीं बार जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए रक्तदान कर चुके है। ये स्वयं तो रक्तदान के लिए आगे आते ही है लेकिन रक्तदान महादान के लिए दूसरों को भी प्रेरित करते रहते है। दिनेश बक्शी को राज्यपाल हरियाणा द्वारा शतकवीर सम्मान से



नवाजा जा चुका है। इसके अलावा दिनेश बक्शी समाजसेवा के क्षेत्र में भी काम कर रहे है। दिनेश बक्शी पर्यावरण प्रहरी भी है जो पेड़ो को ट्री-गार्ड से मुक्त करवाकर पर्यावरण बचाओ का संदेश देते रहते है। ये अब तक कई हजारों पड़ो को ट्री-गार्ड से मुक्त कर चुके है। उन्होंने सभी लोगों से अपील करते हुए कहा कि पर्यावरण हमारे जीवन का अहम हिस्सा है। इसलिए कोई भी व्यक्ति पेड़ो को नुक्सान न पहुंचाएं ओर अपने हित के लिए पेड़ो पर कील से अपने विज्ञापन न लगाएं, क्योंकि पेड़ो के अंदर भी जान होती है। जिस तरह से मनुष्य को दर्द होता है उसी प्रकार से पेड़ों पर लोहे की कील गाढ? से इन्हें भी दर्द होता है। इसलिए हम सभी का कर्तव्य बन जाता है कि हम अपने पर्यावरण को बचाने में आगे आएं और इस प्रकार का कार्य न करें ताकि पेड़ो को कोई नुक्सान पहुंचे।

## काउंसलिंग सेल टीम ने स्कूली छात्राओं को महिलाओं के विरूद्व होने वाले अपराधों बारे किया जागरूक

करनाल, सुखविंदर सोही



करनाल। पुलिस अधीक्षक करनाल श्री मोहित हाण्डा के कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में आज जिला पुलिस की काउंसलिंग सेल टीम निलोखेड़ी क्षेत्र के स्वामी श्रदानन्द वरिष्ठ माध्यमिक विघालय, आर्य समाज निलोखेड़ी में पहुंची, जहां पर उनके द्वारा कक्षा दसवीं से 12वीं तक की छात्राओं को महिला विरूद्व अपराधों के विषय में विस्तार से बताया। इसके साथ ही उनके द्वारा सभी छात्राओं को महिलाओं के हितों की रक्षा के लिए बनाए गए कानूनों के संबंध में भी जागरूक किया गया। काउंसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता ने छात्राओं को बताया कि महिला सशक्तिकरण का मतलब है सभी महिलाओं को शक्तिशाली बनाना ताकि वे खुद के लिए निर्णय लेने में सक्षम हो सकें। इसका मतलब है कि महिलाएं अपनी बात कह सकती हैं, अपने फैंसले खुद ले सकती हैं और अपनी पसंद का जीवन जी सकती हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को सशक्त बनाना बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि इससे सभी को मदद मिलती है। महिलाओं को सशक्त बनाने से न केवल उन्हें व्यक्तिगत रूप से लाभ होता है बल्कि सामाजिक प्रगति और आर्थिक विकास भी होता है। राजेश लता ने छात्राओं को महिला विरूद्व अपराधों के बारे में बताते हुए कहा कि यौन दुर्व्यवहार, शोषण और हिंसा, एसिड हमले, बलात्कार या बाल विवाह आदि महिलाओं के विरूद्व होने वाले अपराध हैं और इसके अलावा कई बार शादी के बाद ससुराल पक्ष द्वारा महिला को शारीरिक, आर्थिक और भावनात्मक रूप से प्रताड़ित किया जाना भी महिला विरूद्व अपराधों में शामिल है। उन्होंनें कहा कि सर्वप्रथम महिलाओं को शिक्षित होना चाहिए, महिला चाहे विवाहित हो या अविवाहित वह अपने पति और परिवार के सदस्यों से भोजन, आवास, कपड़े, दवा आदि जैसे बुनिय?

## पुलिस महानिरीक्षक करनाल मण्डल करनाल ने जिला पुलिस लाइन करनाल में किया गोष्ठी का आयोजन

**21 अक्तूबर, 2024 से शुरू होने वाले फार्मल कोर्सो के संबंध में दिए दिशा निर्देश**

करनाल, राजेश जिंदल

करनाल। आज जिला पुलिस लाइन करनाल के सभागार में पुलिस महानिरीक्षक करनाल मण्डल करनाल श्री कुलविन्द्र सिंह भा.पु.से. द्वारा दिनांक 21.10.2024 से शुरू होने वाले फार्मल कोर्स के संबंध में करनाल रेंज के अधिकारीयों के साथ गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान आई.जी. साहब द्वारा फिजिकल फिटनेश, वैपन हैडलिंग और नाकाबंदी करने के विषय पर बल दिया गया। श्री कुलविन्द्र सिंह ने कहा कि कोर्स के दौरान का वातावरण प्रशिक्षण केन्द्र की तरह ही पूर्णरूप से अनुशासीत होना चाहिए, इस दौरान सभी प्रशिक्षणाथीर्यों को फिजिकल फिटनेस, वैपन ट्रेनिंग, फायरों का अभ्यास, अपराधी को हथकड़ी लगाने का अभ्यास और अपराध की सुचना मिलते ही व्यवस्थित तरीके से नाकाबंदी करने का अभ्यास करवाना है। उन्होंने कहा कि कोर्स अवधि के दौरान सुबह के समय में जवानों को जो प्रशिक्षण दिया जाता है, शाम की क्लास के समय उनसे उसका प्रैक्टिकल करवाया जाए और उनकी कमीयां देखकर उनके बारे में दोबारा बताया जाए या ठीक करवाने का अभ्यास करवाया जाए। उन्होंने कहा कि इस कोर्स में सर्वप्रथम जिला की क्राइम युनिटों में तैनात जवानों को शामिल किया जाए, क्योंकि क्राइम युनिट की टीमें आए दिन किसी न किसी रूप में सीधे तौर पर अपराधीयों से आमने सामने होती रहती हैं। हर जिला में इस कोर्स के लिए जो नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए है वें सीधे प्रशिक्षणाथीर्यों से संपर्क में रहेगें। इसके साथ ही आई.जी. साहब ने कहा कि कोर्स के दौरान प्रशिक्षण के लिए अपने जिले के सबसे बेहतर कोर्स पास प्रशिक्षकों का चयन करें ताकि सभी जवान एक उच्च दर्जे का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें। को।

## एडीआर सैंटर में मीडिएटर्स की मीटिंग हुई

कुरुक्षेत्र : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि जिला एवं सत्र न्यायाधीश आराधना साहनी के मार्गदर्शन में डीएलएसए द्वारा एडीआर सेंटर में मैडिएटरस की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम नितिन राज ने कहा कि इस मीटिंग में मैडिएटरस को अपने लंबित केसों का जल्द निपटारा करने के निर्देश दिए गए। सभी मैडिएटरस को हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पंचकुला के आदेशानुसार एडीआर सेंटर में लगने वाली प्री लोक अदालत सीटिंगस में मौजूद रहने के निर्देश दिए। इस मौके पर मैडिएटर प्रदीप पटवा, राजबीर सिंह, मंजू कौशिक, हरिन्दर पाल सिंह, हरमन खुब्बर मैडिएटर मौजूद रहे।

## प्रयास जूनियर विंग में प्री करवा चौथ सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया

### स्कूल के प्रबंधक अमित बत्रा व संचालिका रूचिका बत्रा ने किया शुभारंभ

गन्नौर, अक्टूबर : प्रयास जूनियर विंग में प्री करवा चौथ सेलिब्रेशन धूमधाम से मनाया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया। महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्कूल के प्रबंधक अमित बत्रा व संचालिका रूचिका बत्रा ने शिक्षकों के सहयोग से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से अतिथि के तौर पर कविता



मुख्यातिथि कविता सैन व संचालिका रूचिका बत्रा विजेता महिला को सम्मानित करते हुए।

सैन, इति ढीगड़ा, मीनू चुघ पहुंची। स्कूल पहुंचने पर शिक्षकों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। रूचिका बत्रा ने संबोधित करते हुए कहा कि दीपावली का पर्व नजदीक है। वहीं त्योहारों का सीजन शुरू हो चुका है। सीजन में महिलाओं को अगर किसी पर्व का सबसे ज्यादा इंतजार होता है तो वह करवा चौथ है। करवा चौथ के पर्व से पहले इसे खूबसूरत बनाने को लेकर प्रयास जूनियर स्कूल ने प्री करवा चौथ को धूमधाम से मनाया है। मिस करवा चौथ का पुरस्कार आकंशा, आल राऊंडर अनिता, मिस प्रयास दिव्या, प्रियंका, बेस्ट गायक प्रिया, सेल्फी क्वीन प्रियंका, बेस्ट गायक प्रिया बेस्ट डांसर तन्नु जैन, रानी की ड्रैस में बेस्ट मोनिका, बेस्ट महिला प्रीति को दिया गया। स्कूल के प्रबंधक अमित बत्रा व संचालिका रुचिका बत्रा ने महिलाओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता से जहां छात्रों को पर्व के महत्व के बारे में पता लगता है वहीं महिलाओं का मनोरंजन भी होता है। स्कूल में समय- समय पर त्यौहार से संबधित प्रतियोगिता करवाई जाती है ताकि स्कूल में आकर खुद अभिभावक छात्रों को अवगत करवाएं कि जो पर्व आने वाला है, उसका कितना और क्या महत्व है। कार्यक्रम की व्यवस्था स्कूल के शिक्षकों ने संभाली।

## जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन में जीवीएम की तमन्ना व महक संयुक्त रूप से अव्वल

### एचएससीएसआईटी के संयोजन में जीवीएम गर्ल्ज कालेज में हुआ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

सोनीपत, अक्तूबरः हरियाणा स्टेट काउंसिल फोर साइंस इनोवेशन एंड टैक्नोलॉजी (एच-एससीएसआईटी) डिपार्टमेंट ऑफ साइंस, टैक्रॉलोजी गवर्नमेंट ऑफ हरियाणा के संयोजन में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में जीवीएम की तमन्ना व महक ने संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने विजेताओं को बधाई देते हुए



जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लेती हुए छात्राएं।

आगामी चरण में सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता की संयोजक प्राध्यापिका पुनीता बतरा ने बताया कि एचएससीएसआईटी के संयोजन में जीवीएम गर्ल्ज कालेज के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के लिए पांच विषय दिये गये जिनमें इंपोर्टेंस ऑफ सस्टेनेबल एग्रीकल्चर, साइंस एंड टैक्रॉलोजी इन एनसिएंट इंडिया, साइबर क्राइम एंड इट्स प्रीवेंशन, रिन्यूवेबल एनर्जीःव्हाई इज इट क्रूशल फोर मॉडर्न वर्ल्ड और साइंस टू स्केल अप मिल्क प्रोडक्शन शामिल रहे। विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में जीवीएम की बीएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की छात्रा तमन्ना व बीएससी बायोटैक प्रथम वर्ष की महक संयुक्त रूप से अव्वल रही। जीवीएम की बीएससी कंप्यूटर साइंस तृतीय वर्ष की जान्हवी व हिंदू गर्ल्ज कालेज की बीएससी मेडिकल प्रथम वर्ष की इशिका चौहान ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान और हिंदू गर्ल्ज कालेज की बीएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की रेणुका ने तृतीय स्थान हासिल किया। हिंदू गर्ल्ज कालेज की बीएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की हन्नी ने चौथा स्थान, जीवीएम की बीएससी नॉन मेडिकल द्वितीय वर्ष की सुमेधा ने पांचवां, हिंदू गर्ल्ज कालेज की बीएससी मेडिकल तृतीय वर्ष की कुशी कौशिक ने छठा तथा जीवीएम कालेज ऑफ फार्मेसी की बीफार्मा द्वितीय सैमेस्टर की अंजलि ने सातवां और हिंदू गर्ल्ज कालेज की बीएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय वर्ष की कोमल ने आठवां स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका का निर्वहन कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय के बोटनी विभाग के सेवानिवृत्त प्रोफेसर बीडी वशिष्ठ, हिंदू गर्ल्ज कालेज की कैमिस्ट्री विभाग की सेवानिवृत्त एसोसिएट प्रोफेसर अनीता ढुल और डीसीआरयूएसटी के फिजीक्स विभाग की प्रोफेसर रजनी ने कुशलतापूर्वक किया। विजेताओं को बधाई देते हुए प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने बताया कि प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ दस रचनाओं को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने विषय के अनुरूप बेहतरीन निबंधों का लेखन किया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय की डीन पुनीता बतरा सहित प्राध्यापिकाएं डा. रश्मि जावा, डा. अनीता सैनी, सुनीता धवन, डा. संगीता सिंह, प्रीति चुघ, कीर्ति, डा. प्रगति, डा. तमन्ना, सुमन, डा. सरिता, कुसुम, नम्रता, निधि आदि उपस्थित रही, जिन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## संवेदनशील होना चाहिए सेवा के साथ मानव को प्रांत संघ चालक : प्रताप

### निस्वार्थ भाव से दूसरों की सेवा है सबसे बड़ा कल्याणकारी : कुलपति प्रो.सिंह

### हमारा देश फिर से बनेगा सोने की चिड़िया : कुलपति गर्ग

सोनीपत, अक्तूबर : प्रांत संघ चालक प्रताप ने कहा कि हमें अपनी भारतीय संस्कृति पर गर्व करना चाहिए,जिसमें हमें विभिन्न माध्यमों से सेवा करने के लिए प्रेरित किया गया है। उन्होंने कहा कि सेवा के साथ साथ हमें संवेदनशील होना चाहिए। हमारा दृष्टिकोण भी सकारात्मक होना चाहिए।

दीनबंधु छोटू राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल में सेवा प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रांत संघ चालक प्रताप थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्री प्रकाश सिंह ने की,जबकि विशिष्ट अतिथि स्पोर्ट विश्वविद्यालय के कुलपति पूर्व डीजीपी अशोक गर्ग थे।



प्रांत संघ चालक प्रताप सम्बोधित करते हुए।

प्रांत संघ चालक प्रताप ने अपने संबोधन में कहा कि हमारा देश युवाओं का देश है। हमारे देश युवा वैश्विक स्तर पर छाए हुए हैं। हमारी शिक्षा पद्धति श्रेष्ठ हैं। हम शिक्षा पद्धति के आधार पर ही अपने राष्ट्र को विश्व गुरु बना सकते हैं। जब हमारा राष्ट्र विश्व का नेतृत्व करेगा,तभी हम विश्व गुरु बनेगें। उन्होंने कहा कि हमारा दृष्टिकोण सकारात्मक होना चाहिए, इसके साथ ही साथ अगर हम प्रकृति के अनुकूल कार्य करने से ही मानव कल्याण हो सकता है।

प्रांत संघ चालक प्रताप ने कहा कि हमें विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। हम विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलकर ही भारत को आत्मनिर्भर व समृद्ध राष्ट्र बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवा स्वावलंबी होगा तो देश आत्मनिर्भर बनेगा। युवा निरोग होगा तो राष्ट्र सशक्त बनेगा। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं को वैश्विक स्तर के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए। युवाओं की जीवन में प्रबंधन व रणनीति अच्छी होनी चाहिए। युवा को राष्ट्र निर्माण में अपना अहम योगदान देना चाहिए।

कुलपति प्रो. सिंह ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि निस्वार्थ भाव से दूसरों का कल्याण ही नारायण सेवा है। विश्वविद्यालय में सवेरा स्कूल विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा चलाया जा रहा है। सवेरा में कक्षा 1 से कक्षा 12 तक आस पास के आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करते हैं। उन्होंने कहा कि इसक सफल परिणाम भी सामने आने लगें। सवेरा के कुछ विद्यार्थियों का चयन नवोदय स्कूल में हो चुका है। जबकि सवेरा से ही शिक्षा ग्रहण करने के बाद कुछ विद्यार्थी विश्वविद्यालय में भी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। कुलपति प्रो. सिंह ने कहा कि हमारा दृष्टिकोण बड़ा होना चाहिए,तभी हम कामयाब होगें। युवाओं को स्वयं को इतना कामयाब बनाना होगा, कि वे स्वयं नौकरी के पीछे न जाए, बल्कि स्वयं दूसरों को रोजगार देने वाले बने। उन्होंने कहा कि जब हम दूसरों को रोजगार देगें तो यह भी एक प्रकार की सेवा ही है। स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय, राई के कुलपति पूर्व डीजीपी अशोक गर्ग ने कहा कि हमारी सभ्यता व संस्कृति का गौरवमयी इतिहास रहा है। अपनी सभ्यता व संस्कृति के आधार पर ही हम अपने राष्ट्र को विकसित राष्ट्र बनाएगें। उन्होंने कहा कि प्राचीन समय में हमारे राष्ट्र सोने की चिड़िया कहलाता था। वह समय पुन फिर आने वाला है जब हमारा राष्ट्र पुनः सोने की चिड़िया कहलाएगा। उस समय को लाने का सूत्रधार हमारे देश के युवा बनेगें।

इस अवसर पर प्रो.ए.के.सिंह, विश्वविद्यालय के एनसीसी निदेशक लेफ्टिनेंट डा. प्रदीप सिंह, कार्यक्रम समन्वयक डा.एच.के. अग्रवाल, डा.सर्वजीत सिंह व डा.प्रदीप शर्मा आदि उपस्थित थे।

## खरीफ सीजन के तहत जिला में की जा चुकी 01 लाख 14 हजार 141 मीट्रिक टन धान की खरीद

सोनीपत : उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने कहा कि खरीफ सीजन के अंतर्गत जिला में धान और बाजरा की आवक के साथ ही सुचारू रूप से इनकी खरीद की जा रही है। सोनीपत जिला में 17 अक्टूबर सायं तक 01 एक लाख 14 हजार 141 मीट्रिक टन धान की खरीद की जा चुकी है। इनमें कॉमन धान 931 मीट्रिक टन, ग्रेड-ए 1147 मीट्रिक टन, बासमती 65 मीट्रिक टन तथा 1509 किस्म 01 लाख 11 हजार 998 मीट्रिक टन शामिल है। इसके अलावा जिला की सभी खरीद केंद्रों पर अब तक किसान 470.5 मीट्रिक टन बाजरा लेकर पहुंचे है। जिसकी खरीद की जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि धान व बाजरा की खरीद के लिए प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां की गई है। किसान के धान व बाजरे के एक-एक दाने को खरीदा जाएगा। उन्होंने कहा कि मंडियों व खरीद केंद्रों में किसानों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा गया है।

## सोनीपत में परिचित के बुलाने पर नहीं गया चालक तो पीटा, बचाव में आए मालिक के सीने में चाकू मारा

सोनीपत, अक्तूबर : सोनीपत के गांव नाथूपुर में गांव के अड्डे पर स्थित ढाबे पर खाना लेने गए वाहन चालक को उसके पूर्व मालिक ने बुलाया तो उसने जाने से इंकार कर दिया। इस पर पूर्व मालिक ने उस पर हमला कर दिया। इस दौरान वहां मौजूद उसके वाहन मालिक व दोस्तों ने बीच बचाव किया तो उनके साथ भी मारपीट की गई। चालक के पूर्व मालिक ने वर्तमान मालिक के सीने में चाकू घोंप दिया। घायल को पीजीआई रोहतक में भर्ती कराया गया है। गांव खेवड़ा निवासी कपिल ने कुंडली थाना पुलिस को बताया कि वह अपने दोस्त गांव नाथूपुर निवासी दिनेश के साथ अपने टेंपो टाटा-एस (छोटा हाथी) में सवार होकर नाथूपुर के अड्डे पर गए थे। उनके दोस्त गांव वाजीतपुर सबौली निवासी रामबीर भी अपनी स्कूटी पर वहां आ गए। वह सभी संतोष ढाबे पर खाना पैक कराने पहुंचे थे। तभी दिनेश का चालक समीर भी ढाबा पर खाना खाने आ गया। इसी दौरान गांव नाथूपुर का अंकित भी ढाबे पर पहुंचा और उसने दिनेश के पास चालक का काम करने वाले समीर को अपने साथ चलने के लिए आवाज लगाई। समीर पहले अंकित के वाहन पर चालक था। उसने अंकित के साथ जाने से मना कर दिया और वह कपिल की टाटा-एस गाड़ी में जाकर बैठ गया। इस पर अंकित भडक गया और उसने समीर पर हमला कर दिया। इस पर कपिल, दिनेश व रामबीर बीच बचाव करने लगे। आरोप है कि इसी दौरान अंकित के तीन दोस्त गाड़ी लेकर ढाबे पर पहुंचे और उनकी पिटाई कर दी। बाद में वह भाग गए। इसी दौरान अंकित उन्हें 10 मिनट रूकने की धमकी देकर चला गया। कपिल का आरोप है कि अंकित अपने पिता सुनील, चालक रफीक व आजाद और एक अन्य साथी के साथ अपनी गाड़ी में सवार होकर आया। उन्होंने फिर से चारों की पिटाई कर दी। इसी बीच अंकित ने चाकू निकालकर उनके दोस्त दिनेश के सीने में घोंप दिया। जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गए। बाद में आरोपी भाग गए।

घायल दिनेश, कपिल व अन्य को अस्पताल में ले जाया गया। जहां से दिनेश को पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मामले में कपिल के बयान पर हत्या की कोशिश, अवैध शस्त्र अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**जिला में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन की स्थापना के लिए एक आवेदन पाया गया स्कीम के लिए योग्य**

## एडीसी की अध्यक्षता में जिले में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन की स्थापना के लिए आवेदकों का चयन

सोनीपत, अक्टूबर : अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन की स्थापना के लिए आवेदकों का चयन किया गया। जिला स्तरीय बैठक में कृषि विभाग से राकेश हुड्डा, कृषि विज्ञान केंद्र से डॉ कुलदीप दहिया, सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा, एलडीएम मनोज शेट्टी, बागवानी विभाग से तकनीकी सहायक व प्रगतिशील किसान मौजूद रहे। पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करने के लिए



अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन की स्थापना के लिए आवेदकों का चयन करते हुए ।

विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन 04 अगस्त 2024 तक लिए गए थे। बैठक में सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा ने बताया कि जिला सोनीपत में पैडी स्ट्रॉ सप्लाई चैन स्थापित करने के लिए विभागीय पोर्टल पर कुल पांच आवेदन प्राप्त हुए। उन्होंने बताया कि इन पांच आवेदनों में से दो ने संबंधित दस्तावेज जमा नहीं करवाए और दो स्कीम के दिशा निर्देश पूर्ण नहीं कर रहे थे। जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी द्वारा इन चार आवेदनों को रद्द कर दिया गया है। अब जिले में केवल एक आवेदन इस स्कीम के लिए योग्य पाया गया है और इस आवेदन को अनुमोदन के लिए निदेशालय को भेजा जाएगा।

# 31 अक्टूबर तक गड्ढामुक्त अभियान चलाकर सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करें- जिलाधिकारी

■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि 31 अक्टूबर तक गड्ढामुक्त अभियान चलाकर सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करे, इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी उरई को विशेष रूप से निर्देशित किया कि स्टेशन रोड को प्राथमिकता पर एक सप्ताह के भीतर गड्ढामुक्त कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर में अवैध तरीके से लगाए गए होर्डिंग्स और सड़क के किनारे अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया कर अवैध अतिक्रमणों को तुरंत खाली कराया जाए, इससे न केवल सड़क की चौड़ाई बढ़ेगी, बल्कि यातायात की समस्या भी कम होगी। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत,सभी स्कूलों, तहसील, ब्लॉक और गांवों में नुक्कड़ नाटक आयोजित कर नाटकों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाएगा, जिससे दुर्घटनाओं




की संख्या में कमी लाई जा सकेगी। जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट्स को चिन्हित कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ये ब्लैक स्पॉट्स वे स्थान हैं जहां अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं होती हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों की भागीदारी भी आवश्यक है। सभी को मिलकर कार्य करना होगा, ताकि सुरक्षित और सुगम सड़क यातायात सुनिश्चित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक अभियान नहीं है, बल्कि यह एक सामाजिक जिम्मेदारी है। हमें मिलकर इस दिशा में काम करना होगा ताकि हमारे शहर के नागरिक सुरक्षित रह सकें। बैठक में जिलाधिकारी ने विकास प्राधिकरण के अवर अभियंता व सहायक अभियंता के अनुपस्थित होने पर वेतन रोकने के साथ स्पष्टीकरण के आदेश दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि जर्जर पोलो को चिन्हित कर तत्काल बदले जाए और सड़क के किनारे पोल लगाए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि सड़क पर गौवंश विचरण करते न मिलने पाए अन्यथा की स्थिति में सम्बन्धित के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 एन0डी0 शर्मा, नगर मजिस्ट्रेट अजीत कुमार जायसवाल सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# पत्नी ने लगाया आरोप, पति जबरन दोस्तों से दुष्कर्म कराने को कहता है

■ कोंच

बीते कुछ महीनों पहले कोतवाली में पुलिस की मौजूदगी में कथित रूप से शादी करने का दावा करने वाली एक महिला ने अपने उस तथाकथित पति पर दोस्तों से जबरन उसके साथ में दुष्कर्म कराने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए डीएम को प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। महिला ने चेतावनी देते हुए कहा, यदि कार्रवाई नहीं की गई तो वह डीएम कार्यालय के बाहर 22 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने को मजबूर होगी।डीएम राजेश कुमार पांडे को शिकायती पत्र भेजकर महिला ने बताया कि उसके माता पिता नहीं हैं और जब वह 16 वर्ष की थी तभी मुहल्ला गांधीनगर निवासी निष्कर्ष उर्फ बॉबी कुशवाहा ने नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ में दुष्कर्म किया था। इसकी शिकायत उसने उसकी मां से की थी तो उसकी मां ने बालिग हो जाने पर अपने बेटे निष्कर्ष के साथ उसकी शादी करने की बात कह कर उसे चुप करा दिया था। 20 वर्ष की आयु पूरी हो जाने पर उसने जब शादी करने की बात कही तो उक्त मां बेटे ने गाली गलौज कर उसे धमकी देकर भगा दिया था जिसकी शिकायत उसने पुलिस से की थी। महिला ने दावा किया है कि बीती 1 सितंबर को कोतवाली में पुलिस की मौजूदगी में निष्कर्ष ने उसके संग शादी कर ली थी और फिर मुहल्ले में ही किराए के घर में वह दोनों पति पत्नि के रूप में रहने लगे थे। 19 सितंबर को पति अपने तीन दोस्तों को साथ लेकर आया और उसे बंधक बनाकर तीनों दोस्तों से जबरन उसके साथ दुष्कर्म कराया।

मामले की शिकायत उसने कोतवाली से लेकर पुलिस के उच्चाधिकारियों से की लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस संबंध में सीओ अर्चना सिंह का कहना है कि महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र दिया है जिस पर सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया जा रहा है और साक्ष्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कूड़ा घर का निर्माण रूकवाने की मांग की

**जालौन-उरई।** खाली पड़ी बंजर भूमि पर प्रधान कूड़ाघर का निर्माण कराना चाहते हैं। जबकि इस भूमि का उपयोग गांव में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यों के लिए ग्रामीण करते हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर कूड़ा घर का निर्माण रूकवाने की मांग की है।

ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम सुड़ार निवासी अर्जुन सिंह, प्रेमनारायण, जगत सिंह, शेरसिंह, दीपक, अरूण कुमार, कल्यान, चंदन सिंह, कुंवर सिंह, योगेंद्र प्रताप सिंह, दीपक सिंह, भूरे, लालजी, अजय कुमार, सुरेंद्र, हरीराम, विकास आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि बंबा के पास मुख्य चौराहे पर खाली बंजर भूमि पड़ी है। इस बंजर भूमि पर प्रतिवर्ष श्रावण मास में भुंजरियों का मेला लगता है एवं लोधेश्वर धाम जाने वाले कांवत्रियों की कांवर रखी जाती है। इस भूमि का उपयोग बच्चे खेलने के लिए करते हैं और गांव में भागवत कथा आदि का आयोजन भी इसी भूमि पर होता है। धार्मिक कार्यों में उपयोग होने वाली इस सार्वजनिक भूमि पर गांव के प्रधान कूड़ाघर का निर्माण कराना चाहते हैं। कूड़ाघर बनने से यहां न सिर्फ बदबू फैलेगी बल्कि संक्रमण का भी खतरा बना रहेगा। इतना ही नहीं गांव में आयोजित होने वाले धार्मिक व सार्वजनिक कार्यों के लिए भी स्थान नहीं बचेगा। ऐसे में इस भूमि पर कूड़ाघर बनाया जाना उचित नहीं है। यदि बनवाना ही है तो इस स्थान पर सार्वजनिक बारातघर अथवा बच्चों के खेल के मैदान को बनवा दिया जाए। ग्रामीणों से एसडीएम से जनहित में प्रधान को कूड़ाघर बनाए जाने से रोकने की मांग की है।

## मुनाफा मिलने का लालच देकर नौ लाख 75 हजार रुपये हड़प लिए

**जालौन-उरई ।** व्यापार में निवेश कर मुनाफा मिलने का लालच देकर नौ लाख 75 हजार रुपये ले लिए। अब तक न तो व्यापार शुरू हुआ है और न ही रुपये वापस किए गए। पीड़ित की तहरीर पर एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला खंडेराव निवासी कपिल नगाइच ने एसपी को बताया था कि आनंदपुर थाना ददरी गौतमबुद्ध नगर निवासी कपिल कुमार से उसकी मुलाकात हुई। जिसमें उसने बताया कि उसकी फर्म केपी बिल्डकॉन में वह निवेश करता है तो उसे मुनाफा होगा। मुनाफे में उसे भी साझीदार बनाया जाएगा। उसके विश्वास में आकर उसने सात लाख 25 हजार रुपये वर्ष 2020 में चार किश्तों कपिल कुमार को दे दिए। इसके बाद दोबारा आवश्यकता पड़ने पर उसने दो लाख 50 हजार नकद दिए। रुपये देने के कुछ माह बाद भी जब व्यापार शुरू नहीं हुआ तो उसने यह बात कपिल कुमार से कही जिस पर वह आज और कल कहकर टहलाता रहा। इसके बाद भी व्यपार शुरू नहीं हुआ तो उसने अपने रुपये वापस मांगे। जिसे उसने मई 2021 में लौटाने की बात कही। लेकिन तब से अब तक न तो उसके रुपये मिले और न ही व्यापार शुरू हुआ है। इतना ही नहीं अब तो उसने मोबाइल उठाना भी बंद कर दिया है। घर जाने पर वह घर पर भी नहीं मिलता है। पीड़ित ने एसपी से उसके रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई थी। इस प्रकरण में एसपी के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पटाखे की चिंगारी से महिला की साड़ी जलने पर मारपीट की

**जालौन-उरई।** पटाखे की चिंगारी से महिला की साड़ी जलने पर मारपीट करने की शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छानी खास निवासी नितिन कुमार ने पुलिस को बताया कि वह घर के बाहर बच्चों के साथ पटाखे चला रहा था। पटाखे चलाते समय उससे निकली चिंगारी एक महिला की साड़ी में चली गई।जिससे उसकी साड़ी का कुछ हिस्सा जल गया। साड़ी जलने पर उसने माफी मांगी और आइंदा से ऐसा न होने की बात कही इसके बाद भी रामजी, श्यामजी, जितेंद्र व चंद्रशेखर ने गाली, गलौज कर मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# यातायात जागरूकता संगोष्ठी में स्टंट के माध्यम से किया जागरूक




■ जालौन-उरई

बाजाज बाइक मेनिया इवेंट शो के माध्यम से ट्रैफिक रूल जागरूकता संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन पुराना बस स्टैंड पर किया गया।

इवेंट शो का शुभारंभ सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामकुमार गुप्ता व बजाज ऑटोज के अधिकारी आकांश निंगम ने किया। इवेंट शो में प्रशिक्षत बाइकरों द्वारा जबरदस्त स्टंट दिखाए गए। स्टंट के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया कि वह कभी भी ओवरस्पीड में वाहन न चलाएं। हमेशा हैलमेट पहनकर ही दोपहिया वाहन चलाएं। स?क पर वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन जरूर करें और हमेशा वैध कागजात लेकर स?क पर वाहन को चलाएं। कभी भी खुली सडकों पर स्टंट कर स्वयं की और लोगों की जान जोखिम में न डालें। साथ ही दिखाए गए स्टंट को न दोहराने की अपील भी की गई। स्टंट के साथ जागरूकता संदेश जानकर लोग उत्साहित दिखे और ट्रैफिक नियमों का पालन करने बात करते दिखे। इस दौरान सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने उपस्थितजनों को संबोधित कर कहा कि इवेंट शो का आयोजन लोगों का जागरूक करने वाला रहा है। लोग भी इस इवेंट शो को मात्र मनोरंजन से जोड़कर न देखें बल्कि जागरूकता का मुख्य उद्देश्य है उसे अपनाएं और आगे जब भी वाहन लेकर सड़कों पर निकलें तो नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करें। इससे पूर्व नगर की सड़कों पर बाइक रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया।

# बाइक चोर गिरोह का एक सदस्य गिरफ्तार, 13 चोरी की बाइक बरामद




■ उरई

एसओजी/सर्विलांस एवं थाना आटा व थाना कदौरा पुलिस टीम द्वारा अभ्यस्त वाहन चोर 01 अभियुक्त को चोरी की 14 अदद मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार करने के सम्बन्ध में क्षेत्राधिकारी कालपी डॉ0 देवेन्द्र कुमार द्वारा बताया गया कि जब थाना पुलिस अपराध नियंत्रण हेतु नियमित चेकिंग अभियान चला रहीं थी, तभी कर्म चंद पुर नहर पुलिया के पास से इरफान पुत्र अनवर निवासी गुलोली थाना कदौरा को चोरी की बाईक सहित गिरफ्तार कर लिया, इस दौरान उस का साथी खुर्शीद आलम पुत्र छोटे निवासी गुलोली भागने मे कामयाब रहा, इरफान की निशाननदेही पर कदौरा थाने के इकोना जंगल से तेंरह और मोटर साईकिल बरामद हुई हैं।

उन्होंने बताया कि इरफान और खुर्शीद शातिर किस्म के अपराधी हैं तथा कई अन्य जनपदो में भी इन के खिलाफ मामले दर्ज हैं,उन्होंने वताया कि फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें बनायीं गई हैं, उस की गिरफ्तारी से कई और मामलो के खुलासे की उम्मीद हैं, फिलहाल गिरफ्तार अभियुक्त पर विधिक कार्यवाही कर उसे जेल भेज दिया हैं।

# सुहागिनों पर पड़ी मंहगाई की मार



■ कोंच

करवा चौथ का व्रत इस बार मंहगाई की माफ झेल रहा है। करवाचौथ पर सुहागिनों का सजना संवरना महंगा हो गया है। सौंदर्य प्रसाधन के दाम 20 से 30 फीसदी तक बढ़ गए हैं। इसके अलावा कपड़े, ज्वैलरी आदि के दामों में भी आग लगी है। मंहगाई की मार में पहले से ही गढ़बढ़ाया लोगों के घर का बजट त्योहारी सीजन में और भी रुलाने वाला साबित हो रहा। हालांकि महिलाओं में करवा चौथ को लेकर खासा उत्साह है। त्योहारी सीजन में बाजार करवा चौथ के लिए सजे हुए हैं। जहां इस बढ़ती महंगाई ने पहले से ही गृहिणियों की रसोई का बजट बिगाड़ कर रखा हुआ है, ऊपर से करवा चौथ पर पत्नियों के लिए उनके मेकअप का सामान खरीदना पहुंच से बाहर होता जा रहा है। करवा चौथ के सामान में सबसे ज्यादा असर कपड़ों, ज्वैलरी, चूड़ियों और मिठाइयों पर भी देखने को मिल रहा है। बीते वर्षो की अपेक्षा इस बार दामों में पंद्रह से बीस फीसद तक की वृद्धि देखी जा रही है। कपड़ा व्यापारी राजीव गुप्ता देवगाँव वालो का कहना है कि बाजार में रौनक तो है लेकिन महंगाई की मार है जिसके चलते बिक्री पच्चीस फीसदी तक घटी है। शुभी ज्वैलर्स के संचालक संजय सोनी का कहना है, सोने-चांदी के दामों में आग लगी हुई है जिससे गहनों की बिक्री में जबर्दस्त गिरावट आई है, लोग पत्नियों को खुश करने के लिए बस सगुन भर की खरीदारी कर रहे हैं। बाजारों में मिल रहे मिट्टी के करवे की कीमतो में भी डेढ से दो गुने की वृद्धि हुई है लेकिन इसके बावजूद पूजा के लिए करवा खरीदने के लिए लाइन लगी है। इस तरह महंगाई के आसमान पर होने से महिलाओं के व्रत का सारा बजट बिगड़ता जा रहा है।वही महिलाओं का कहना है महंगाई बढ़ी है लेकिन व्रत के लिए सामान खरीदना भी जरूरी है। महंगाई के कारण उन्हें सामान खरीदने पर अतिरिक्त पैसा खर्च करना पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में अन्य पर्वों की तरह करवा चौथ भी औपचारिकताओं में सिमटता दिखाई दे रहा है। बता दें कि हिंदू संस्कृति में करवा चौथ सुहागिनों का महत्वपूर्ण त्योहार माना गया है। इस पर्व पर महिलाएं हाथों में मेहंदी रचा और सोलह सिंगार कर अपने पति की पूजा कर व्रत का परायण करती हैं।

# जिलाधिकारी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लाक और निर्माणाधीन तहसील का निरीक्षण किया

■ उरई

50 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं के निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने यू0पी0 प्राजेक्ट्स कारपोरेशन लि0 की निर्माण इकाई-12, झॉसी द्वारा जनपद जालौन के राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लाक और निर्माणाधीन तहसील का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लाक में बीम तिरछा होने पर जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था को फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए और मानकों के अनुसार ही निर्माण कार्य कराया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि मानक विहीन निर्माण करने वाले कार्यदायी संस्थाओं और ठेकेदारों के खिलाफ कठोर



कार्रवाई की जाए। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने इस परियोजना का बारीकी से निरीक्षण करते हुए निर्माणाधीन तहसील में चल रहे कार्यों की गुणवत्ता का भी अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पाया कि ईंटों की गुणवत्ता खराब थी, जिसे तत्काल प्रभाव से बदलने के निर्देश दिए। साथ ही ईंटों का सैंपल लिया गया जिसे परीक्षण हेतु लैब भेजने हेतु निर्देशित किया। पाण्डेय ने कहा कि मानक विहीन निर्माण कार्य बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी कार्य गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप हों।

राजकीय मेडिकल कॉलेज के 50 शैय्या क्रिटिकल केयर यूनिट ब्लाक का निर्माण कार्य जी+2 मंजिला है। इसमें भूतल पर कुल 08 बेड्स हैं, जिसमें आइसोलेशन रूम (02 बेड्स), इमरजेंसी (04 बेड्स) और मेटरनिटी (02 बेड्स) शामिल हैं। प्रथम तल पर कुल 26 बेड्स हैं, जिसमें आइसोलेशन वार्ड (24 बेड्स) और डायलिसिस (02 बेड्स) की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा, द्वितीय तल पर आईसीयू/एचडीयू के लिए 16 बेड्स का निर्माण प्रस्तावित है, जिसमें 02 पीडियाट्रिक बेड भी शामिल हैं। परियोजना में वेट राइजर, स्प्रिंकलर सिस्टम, फायर अलार्म सिस्टम, और अन्य बाहरी विकास कार्य जैसे कि यूजी टैंक, आरसीसी रोड, स्टॉर्म वाटर ड्रेन, बाह्य सीवर लाइन, सेप्टिक टैंक, और रेन वाटर हार्वेस्टिंग शामिल हैं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन सभी कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा किया जाए।

इस निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए और गुणवत्तापूर्ण कार्य किया जाए।

निरीक्षण के दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य अरविंद त्रिवेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, निर्माण इकाई-12, झॉसी के परियोजना प्रबन्धक इं0 शैलेष कुमार सिंह, सहायक परियोजना प्रबन्धक इं0 मनीष वर्मा एवं अवर अभियन्ता शिंका द्विवेदी उपस्थित रहें।

# एसडीएम के साथ अपर कृषि अधिकारी ने खाद्य की दुकानों पर की छापेमारी

■ कोंच

अपर कृषि अधिकारी ने नगर की खाद्य की दुकानों पर छापेमारी कर उर्वरक का सैंपल लेकर प्रयोगशाला भेजा है। केंद्रों पर डीएपी खाद उपलब्ध नहीं होने पर बताया गया कि केंद्र प्रभारियों ने डिमांड भेज दी है।

अपर कृषि अधिकारी पुष्कर दीक्षित ने उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह के साथ नगर की सहकारी समितियों व खाद की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान



जुझारपुरा किसान सेवा सहकारी समिति व क्रय विक्रय पर डीएपी खाद नहीं मिली। जुझारपुरा सचिव प्रियंक पाठक ने बताया कि यूरिया 250 बोरी उपलब्ध है, डीएपी उपलब्ध नहीं है जिसके लिए डिमांड भेज दी गई है। नेनो यूरिया व नेनो डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। अपर कृषि अधिकारी ने बताया कि खाद की दुकानों पर छापेमारी कर आईएफएफडीसी कृषक सेवा केंद्र पर डीएपी का नमूना भरा गया है। जिसे जांच हेतु परीक्षण के लिए भेजा जा रहा है। केंद्रों के स्टॉक भी चेक किये गए हैं जो ठीक पाए गए है।

## एसडीएम ने किया पचीपुरी गौशाला का निरीक्षण

**कोंच।** उपजिलाधिकारी ज्योति सिंह ने पचीपुरी गौशाला का औचक निरीक्षण किया जिसमें उन्हें तमाम अव्यवस्थाऐ देखने को मिली।नाराजगी व्यक्त कर उन्होंने बीडीओ को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के कड़े निर्देश दिए। विकास खंड कोंच की ग्राम सभा पचीपुरी में गौशाला में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर लगातार मिल रहीं शिकायतों के चलते एसडीएम ज्योति सिंह शुक्रवार को अचानक पचीपुरी पहुंच गयी। उन्होंने गौशाला का औचक निरीक्षण किया तो उन्हे गौशाला में अव्यवस्थाए अंबार मिला। चारा, पानी और साफ-सफाई को लेकर अव्यवस्थाओं का बोलबाला दिखा। न तो गौशाला में मवेशियों के लिए साफ पानी दिखाई दिया और न ही भूसा चारे की मुकम्मल व्यवस्था दिखी। साफ-सफाई भी ठीक नहीं मिली। उन्होंने इन स्थितियों को लेकर कड़ी नाराजगी जाहिर की।


शुक्रवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली में डेयर टू ड्रीम 5.0 इनोवेशन प्रतियोगिता की शुरूआत की।

# रक्षा क्षेत्र में 'भागीदारी' से नेतृत्व की ओर बढ़े निजी क्षेत्र: राजनाथ

● नई दिल्ली,

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने निजी क्षेत्र से रक्षा क्षेत्र में 'भागीदारी' से 'नेतृत्व' की ओर आगे बढ़ने का आह्वान किया है और भारत को नवाचार और प्रौद्योगिकी केंद्र तथा दुनिया के सबसे मजबूत देशों में से एक बनाने के लिए सरकार के पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया है।

सिंह शुक्रवार को यहां डीआरडीओ भवन में रक्षा प्रौद्योगिकी को बढावा देने पर आयोजित डीआरडीओ-उद्योग कार्यशाला के दौरान वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और युवा उद्यमियों को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने हाल के दिनों में रक्षा क्षेत्र में बदलाव पर विचार साझा करते हुए कहा कि, आज, प्रौद्योगिकी ने पारंपरिक युद्ध को अपरंपरागत युद्ध में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि आधुनिक युद्ध में ड्रोन, साइबर युद्ध, जैव-हथियार और अंतरिक्ष रक्षा जैसे नए आयाम जोड़े गए हैं। इस परिवर्तनकारी चरण में, रक्षा क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास निश्चित रूप से रक्षा क्षेत्र को मजबूत बनाएगा। हमारे वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों, शिक्षाविदों, स्टार्ट-अप, एमएसएमई और युवा उद्यमियों को इस प्रयास में एक साथ काम करते हुए देखना खुशी की बात है। यह निजी क्षेत्र के लिए नेतृत्व करने का समय है क्योंकि इसमें तेजी से बदलावों को अपनाने और नए नवाचार की क्षमता है। राजनाथ सिंह ने गैर परंपरागत युद्ध में बढत हासिल करने के लिए लीक से हटकर विचारों को अपनाने का एकमात्र तरीका बताया। इसे एक कठिन कार्य बताते हुए उन्होंने कहा कि सरकार इस प्रयास में युवाओं, वैज्ञानिकों, उद्योगपतियों और एमएसएमई को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करना जारी रखेगी।


शुक्रवार को रांची में भाजपा नेता केदार हाजरा और आजसू नेता उमाकांत का झामुमो में शामिल होने पर स्वागत करते हेमंत सोरेन ।

## सार संक्षेप

### कंगना रनौत की फिल्म 'इमरजेंसी' को सेंसर सर्टिफिकेट मिला



**मुंबई:** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत अभिनीत निर्मित और निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म इमरजेंसी को आधिकारिक तौर पर सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। जी स्टूडियोज और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित 'इमरजेंसी' की कहानी वर्ष 1975 पर आधारित है, जब भारत में इमरजेंसी लागू हुई थी। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। इमरजेंसी पहले 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी लेकिन उसे सेंसर सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया था। फिल्म इमरजेंसी को अब आधिकारिक तौर पर सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए कंगना रनौत ने ट्वीट किया, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमें अपनी फिल्म इमरजेंसी के लिए सेंसर सर्टिफिकेट मिल गया है। हम जल्द ही रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे। आपके धैर्य और समर्थन के लिए धन्यवाद।

### एनडीए का अटूट हिस्सा है राष्ट्रीय लोकजनशक्ति पार्टी : राजकुमार राज

रांची,18 अक्टूबर (वार्ता)राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए फोल्डर का अटूट हिस्सा है। एनडीए में रालोजपा की भागीदारी किसी शर्त के आधार पर नहीं, बल्कि मूल्यों और सिद्धांतों के आधार पर है। ये बातें रालोजपा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार राज ने शुक्रवार को यहां एक प्रेस बयान जारी कर कही। उन्होंने कहा कि हर कीमत पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए के साथ है। चुनाव लड़ना हरेक राजनैतिक दल का अधिकार और कर्तव्य है और इसी आधार पर उन्होंने भी झारखण्ड में कुछ सीटों की मांग की थी, पर इसके लिए उन्होंने भाजपा के साथ सौदेबाजी नहीं की। अब गठबंधन के हितों को देखते हुए यदि सीट नहीं भी मिली है, फिर भी उन्हें इसका मलाल नहीं है। राज ने कहा कि किसी भी कीमत पर राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए के वोट का बंटवारा नहीं चाहती है। एक-एक वोट एनडीए के पक्ष में पड़े इसके लिए तन मन धन से उनकी पार्टी झारखण्ड में भाजपा और अन्य सहयोगी दलों के साथ खड़ी है।

### बच्ची समेत दो लोगों की डूबकर मौत

**छपरा:** बिहार में सारण जिले के कोपा एवं खैरा थाना क्षेत्र में पानी में डूबकर एक बच्ची समेत दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यहां बताया कि कोपा थाना क्षेत्र के मानसर गांव निवासी अंबिका प्रसाद की पुत्री स्नेहा कुमारी (10) खेलने के दौरान कुआं में गिर गई। जिसकी जानकारी मिलने पर परिजन उसे कुआं से निकालकर इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूत्रों ने बताया कि जिले के खैरा थाना क्षेत्र के कोरेया लाला टोला गांव निवासी मनजीत कुमार सिह (34) शौच करने नहर के समीप गया था। हाथ-पैर धोने के दौरान नहर के गहरे पानी में डूबकर उसकी मौत हो गई। दोनों थाना की पुलिस अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर जांच कर रही है।

# 'हमने रिश्ते सुधारने की कोशिश की'

## नवाज शरीफ बोले- इमरान की वजह से भारत से रिश्ते और खराब हुए

● नई दिल्ली,

**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि एस जयशंकर का पाकिस्तान दौरा एक शुरूआत है। यहां से भारत और पाकिस्तान को अपने इतिहास को पीछे छोड़कर आगे बढ़ना चाहिए। न्यूज एजेंसी के मुताबिक शरीफ गुरुवार को एससीओ की बैठक में पाकिस्तान गए भारतीय पत्रकारों से बात कर रहे थे। शरीफ ने दोनों देशों के बीच बिगड़े रिश्तों के लिए पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को जिम्मेदार ठहराया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों का जिक्र किया। शरीफ ने कहा कि उन्होंने जिस भाषा का इस्तेमाल किया, उसने भारत के साथ संबंधों को खराब कर दिया। नेताओं को ऐसी भाषा बोलना तो दूर, सोचना भी नहीं चाहिए। शरीफ ने कहा कि मैंने दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने की कोशिश की थी, लेकिन बार-बार खराब होते गए। मोदी हमसे मिलने लाहौर आए थे। उन्होंने मेरी मां के साथ भी काफी देर तक बातचीत की थी। ये कोई छोटी बात नहीं थी। खासकर हमारे देशों इसका बड़ा मतलब है।'

नवाज शरीफ ने ये भी कहा कि मेरे पिता के पासपोर्ट में उनका जन्मस्थान अमृतसर लिखा है। हम एक ही संस्कृति, परंपरा, भाषा, भोजन साझा करते हैं। मैं इस बात से खुश नहीं हूं कि हमारे रिश्ते में एक लॉन्ग पॉज (लंबा विराम) आ चुका है। भले ही



लीडर्स के बीच अच्छा व्यवहार न हो, लेकिन लोगों के बीच रिश्ता बहुत बढ़िया है। मैं पाकिस्तान के उन लोगों की तरफ से बोल सकता हूं जो भारत के लोगों के लिए सोचते हैं और मैं भारतीय लोगों के लिए भी यही कहूंगा। नवाज शरीफ ने भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट संबंधों को फिर से शुरू करने की वकालत की और यहां तक कहा कि अगर दोनों टीमें पड़ोसी देश में किसी बड़े टूनार्मेंट के फाइनल में खेलती हैं तो वह भारत की यात्रा करना चाहेंगे। शरीफ ने कहा कि एक-दूसरे के देशों में टीमें न भेजने से हमें कोई फायदा नहीं है। शरीफ ने दोनों पक्षों के बीच व्यापारिक संबंधों को बहाल करने की बात की। उन्होंने कहा कि भारतीय और पाकिस्तानी किसानों और उत्पादकों को अपना सामान बेचने के लिए बाहर क्यों जाना चाहिए अब माल दुबई के रास्ते अमृतसर से लाहौर जाता है। इससे किसे फायदा हो रहा है जिस काम में दो घंटे लगने चाहिए, उसमें अब दो हफ्ते लगते हैं। शरीफ ने 1999 में वाजपेयी की लाहौर यात्रा को भी याद किया। उन्होंने कहा- वाजपेयी आज भी लाहौर घोषणापत्र और उस समय के उनके शब्दों के लिए याद किया जाता है। मैं उस यात्रा के वीडियो देखता हूं, क्योंकि वो सब याद करके बहुत अच्छा लगता है। अपने पिता के बगल में बैठी पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने भी भारत की यात्रा करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि जब मैं करतारपुर गई थी, तब मुझे भारतीय तीर्थयात्रियों से बहुत प्यार मिला। मैं भारत, खासतौर पर पंजाब जाना पसंद करूंगी।

# सड़क हादसे में घायलों का होगा मुफ्त इलाज : केजरीवाल

## दिल्ली में 'फरिश्ते योजना' फिर से हुई शुरू

● नई दिल्ली,

**आम** आदमी पार्टी(आप) के राष्ट्रीय संयोजक दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा )ने 'फरिश्ते योजना' को बंद कर दिया था लेकिन इसे फिर से शुरू किया जा रहा है जिसके तहत सड़क हादसे में घायल व्यक्ति का इलाज मुफ्त हो सकेगा।

केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि फरिश्ते योजना को इन्होंने बंद कर दिया था, लेकिन उसे फिर से शुरू कर दिया गया है। जब भी कोई सड़क दुर्घटना होती है तो हमने अक्सर देखा है कि वह व्यक्ति सड़क पर ही दम तोड़ देता है। उसे कोई अस्पताल नहीं लेकर जाना चाहता, जिसके पीछे दो कारण हैं। पहला, लोगों को लगता है कि उनके ऊपर पुलिस केस हो जाएगा। दूसरा कारण है कि अगर कोई घायल व्यक्ति को अस्पताल ले जाता है तो डॉक्टर पहले उससे पैसे जमा करने के लिए कहता है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार की फरिश्ते योजना के इन दोनों समस्याओं का




समाधान किया गया है। योजना के तहत आप घायल व्यक्ति को पास के किसी भी अस्पताल में भर्ती करवा दें। उसके इलाज का सारा खर्चा दिल्ली सरकार देती है। इस योजना के तहत हम अभी तक करीब 26 हजार लोगों की जान बचा चुके हैं।अब हमारी सरकार ने इस योजना को दोबारा शुरू करवा दिया है। उन्होंने कहा कि सच्चाई के रास्ते पर चलना आसान काम नहीं है। अगर हम भी पहले की सरकारों की तरह चलते तो यह सब नहीं कर पाते। कुछ लोग कहते हैं कि उनकी तो लड़ाई नहीं होती थी, लेकिन उन्होंने कुछ काम भी तो नहीं किया था। अगर हम भी उन्हीं की तरह कुछ काम न करें और बैठे रहें तो संघर्ष ही नहीं होगा। मनीष सिसोदिया ने स्कूल ठीक किए, इसीलिए वह जेल गए।

### 'अधिक से अधिक खरीदें खादी उत्पाद'

**नई दिल्ली:** केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग मंत्री जीतन राम मांझी ने शुक्रवार को सभी देशवासियों से खादी और स्थानीय उत्पादों को अधिक से अधिक खरीदने की अपील की। मांझी ने यहां दिल्ली हाट में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) के अध्यक्ष मनोज कुमार की उपस्थिति में आयोजित विशेष खादी प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सभी लोगों को स्वदेशी खादी उत्पादों की खरीदारी कर 'वोकल फॉर लोकल' एवं 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की इस प्रदर्शनी का व्यापक लक्ष्य ग्रामीण कारीगरों और पारंपरिक शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना है, जिससे उन्हें सशक्त बनाया जा सके।

### 'प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है'

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि प्रदेश में उर्वरकों की कोई कमी नहीं है। राज्य सरकार ने खरीफ में किसानों को आवश्यक मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया है और रबी में भी इसी प्रकार से किसानों की आवश्यकतानुसार उर्वरक उपलब्ध करायेगें। कंषाना श्यामला हिल्स स्थित निवास पर मीडिया से चर्चा में यह बातें कही। उन्होंने कहा कि फसलों के लिये नाईट्रोजन, फास्फोरस और पोटास की आवश्यकता होती है। डीएपी से नाइट्रोजन एवं फास्फोरस की ही पूर्ति हो पाती है, जबकि एनपीके के उपयोग से नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश तीनों तत्वों की पूर्ति हो जाती है। इसलिये किसानों को कृषि वैज्ञानिकों द्वारा डीएपी के स्थान पर एनपीके के उपयोग की सलाह दी जा रही है।

### तालाब में डूबने से दो किशोरों की मौत

**भरतपुर:** छत्तीसगढ़ के मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में दो हमउम्र किशोरों की तालाब में डूबने से मौत हो गई। दोनों किशोर गुरुवार अपराह्न से लापता थे। दोनों किशोरों का शव शुक्रवार को नगर पंचायत खोंगापानी के पोखरी तालाब में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। मृत बच्चों की पहचान सर्वेश (8), पिता- रविन्द्र और दूसरे बच्चे की पहचान आदित्य (8) पिता- बालकरण के रुप में की गयी हैं। दोनों बच्चे कल अपराह्न तीन बजे अपने-अपने घर से घूमने जाने की बात कहकर निकले थे। इसके बाद से दोनों घर नहीं लौटे। वहीं दूसरे दिन गांववालों ने तालाब में दोनों बच्चों की लाश देखी तो पुलिस और परिजनों को सूचित किया गया।


शुक्रवार को मलावी में कामुजु समाधि का दौरा करती राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू।

# 'सभी के लिए अवसर पैदा करने की भी चुनौती'

## सीतारमण ने ग्वाडलजारा के चैंबर ऑफ कॉमर्स में टेक लीडर्स राउंडटेबल की अध्यक्षता की

● मैक्सिको सिटी,

**केंद्रीय** वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के लिए, चुनौतियां केवल विकास के आसपास ही नहीं हैं, बल्कि अंतर को पाटना और सभी के लिए अवसर पैदा करना भी है और इसके लिए जिम्मेदार पूंजीवाद की जरूरत है।

सीतारमण ने शुक्रवार को ग्वाडलजारा के चैंबर ऑफ कॉमर्स में टेक लीडर्स राउंडटेबल की अध्यक्षता की, जिसमें 'भारत और मैक्सिको के बीच तकनीकी



सहयोग को मजबूत करना' पर चर्चा की गई। उन्होंने समान स्थिति वाली अर्थव्यवस्थाओं के लिए अवसर और जिम्मेदारियों के बारे में बात की और बताया कि कैसे भारत मैक्सिको एक दूसरे के साथ लाभ उठा सकते हैं और सहयोग कर सकते हैं। वित्त मंत्री ने कहा कि मैक्सिको निकटवर्ती क्षेत्र के माध्यम से फल-फूल रहा है, जिसके परिणामस्वरूप बहुराष्ट्रीय कंपनियों के बीच सहयोग हुआ है और प्रतिभाओं के आदान-प्रदान के साथ-साथ जोखिम न्यूनीकरण के लिए संयुक्त प्रयास संभव हुए हैं। वित्त मंत्री ने 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में काम करते हुए भारत में हो रहे तेजी से बदलाव पर प्रकाश डाला। भारत मैक्सिको के बीच विकास और सहयोग के नए क्षेत्रों का हवाला देते हुए सीतारमण ने उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के संबंध में की गई प्रमुख बजट घोषणा का उल्लेख किया और स्वास्थ्य और स्वास्थ्य सेवा, कृषि और टिकाऊ शहरों में ए आई के क्षेत्रों में काम करने के लिए भारत में हाल ही में पहचाने गए और घोषित उत्कृष्टता केंद्र के बारे में जानकारी साझा की। वित्त मंत्री ने उल्लेख किया कि ये सभी ऐसे क्षेत्र हैं जो मैक्सिको के लिए भी प्रासंगिक हैं।



शुक्रवार को चंडीगढ़ में फिनलैंड में प्रशिक्षण के लिए शिक्षकों के पहले बैच को हरी झंडी दिखाने के बाद मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान।

# भारत का मानवाधिकार रिकार्ड बेजोड़ः धनखड़

## कहा-मानवाधिकारों के संरक्षण में अन्य देशों से काफी आगे है भारत

● नई दिल्ली,

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने कहा है कि भारत का मानवाधिकार रिकॉर्ड बेजोड़ है और विशेष रूप से अल्पसंख्यकों, हाशिए पर रहने वालों तथा समाज के कमजोर वर्गों के मानवाधिकारों के संरक्षण में वह अन्य देशों से काफी आगे है।

धनखड़ ने शुक्रवार को यहां राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के 31वें स्थापना दिवस पर वृद्ध व्यक्तियों के अधिकारों पर एक समारोह और राष्ट्रीय सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए यह बात कही। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की स्थापना 12 अक्टूबर 1993 को की गई थी। उन्होंने कहा कि अलग-अलग घटनाएं भारत और उसके मानवाधिकार रिकॉर्ड को परिभाषित नहीं कर सकतीं। उन्होंने दूसरों पर सत्ता जमाने के लिए विदेश नीति के एक उपकरण के रूप में मानवाधिकारों में हेरफेर करने की कुछ संस्थाओं की प्रवृत्ति की आलोचना की। उपराष्ट्रपति ने दुनिया के अन्य हिस्सों में मानवाधिकारों के उल्लंघन पर वैश्विक चुप्पी पर चिंता व्यक्त करते हुए मानवाधिकारों के सभ्यतागत संरक्षक के रूप में भारत की असाधारण भूमिका पर प्रकाश डाला। धनखड़ ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को मानवाधिकारों का चैंपियन बनना होगा और यह सुनिश्चित करना होगा कि कोई भी उनके साथ आर्थिक रूप से गड़बड़ी न करे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित को राजनीतिक चश्मे से नहीं बल्कि पक्षपात से देखा जाना चाहिए। उन्होंने भारत के मानवाधिकार रिकॉर्ड को घरेलू और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गलत तरीके से बदनाम करने के लिए काम करने वाली खतरनाक ताकतों के खिलाफ भी आगाह किया। उन्होंने कहा कि भारतीय ग्रंथ मानव जीवन शैली के चार्टर हैं- मानव जीवन पर ज्ञान का भंडार हैं। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने कोविड महामारी के समय से ही रंग, जाति और वर्ग की परवाह किए बिना 85 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त राशन खिलाना जारी रखा है जो लोग भारत की भूख की स्थिति के बारे में बात करते हैं उन्हें आत्मचिंतन करने की जरूरत है। देश में कानून के समक्ष सभी समान हैं। दुनिया को यह जानने की जरूरत है कि कैसे लाभार्थी के खाते में लाभ के सीधे हस्तांतरण ने देश में भ्रष्टाचार को बेअसर कर दिया है। धनखड़ ने भारत में भेदभाव रहित विकास के परिवर्तनकारी दशक पर प्रकाश डाला जिससे वर्ग, जाति, जनसांख्यिकी के बावजूद समाज के हर वर्ग के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में भारत की आर्थिक वृद्धि अजेय रही है और यह पिरामिडीय नहीं है और सभी को लाभ मिल रहा है।


शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने नई दिल्ली के निर्माण भवन में भूटान के ऊर्जा और प्राकृतिक संसाधन मंत्री ल्योनपो जेम शेरिंग से मुलाकात की।

संपादकीय

# सत्येंद्र जैन को भी जमानत

**अरविंद केजरीवाल**, मनीष सिसोदिया और संजय सिंह के बाद दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन को भी जमानत मिल गई है। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें जमानत मिली है। डॉ. सत्येंद्र जैने के घर पर चार बार रेड हुई। जमानत के बाद केस कब तक चलेगा, यह किसी को नहीं मालूम। हो सकता है, सभी बरी हो जाएं, ये भी हो सकता है, सजा हो जाए। फिलहाल केंद्र सरकार ने आप नेताओं को लंबे वक्त तक जेल में रखने की अपनी मंशा पूरी कर ली है। उधर, आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को एक घोटले के मामले में ईडी ने क्लीन चिट दे दी। अगर चंद्रबाबू नायडू केंद्र की मोदी सरकार को समर्थन नहीं देते तो क्या उन्हें क्लीन चिट मिलती? ये कैसा दोहरा मापदंड है कि कोई हमारे साथ है, उसके गुनाह माफ, साथ नहीं है, तो जेल? ऐसे बहुत से नेता है, जिन पर खुद भाजपा बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए, लेकिन जब वे भाजपा में चले गए तो मामलों में ढिलाई बरती गई या सीधे-सीधे क्लीन चिट मिल गई। अगर आप के नेता भी भाजपा की अधीनता स्वीकार कर लेते तो शायद उन्हें भी क्लीन चिट मिल जाती? बहरहाल, कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को कुछ शर्तों के साथ जमानत दी है। पिछली सुनवाई में राउज एवेन्यू कोर्ट के स्पेशल जज राकेश स्याल ने दोनों पक्षों की जिरह के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। ईडी ने सत्येंद्र जैन की ओर से दायर जमानत याचिका का विरोध करते हुए याचिका को खारिज करने की मांग की है। जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील हरिहरन ने कहा है कि उनके खिलाफ ईडी की जांच अधूरी है। ईडी जांच करने में लंबा वक्त लगा देती है। सवाल यह है कि क्या दो साल में जांच पूरी नहीं हो सकती थी? क्या जांच में इसलिए देरी की जाती है, जिससे अभियुक्त लंबे वक्त तक जेल में रहे? ट्रायल कोर्ट ने मनीष सिसोदिया के केस के जजमेंट को फॉलो किया है। ईडी ने सत्येंद्र जैन की जमानत का विरोध किया था। लेकिन कोर्ट ने कहा कि वह पहले ही इतनी लंबी सजा काट चुके हैं। ऐसे में उन्हें जेल में रखना उचित नहीं रहेगा। कोर्ट ने दो टूक कहा कि सत्येंद्र जैन न ही मामले से संबंधित किसी गवाह से मिलेंगे और न ही किसी साक्ष्य को प्रभावित करने का प्रयास करेंगे, और न ही देश से बाहर यात्रा करेंगे। सवाल यह है कि इन शर्तों के साथ तो सत्येंद्र जैन को पहले ही जमानत मिल जानी चाहिए थी, लेकिन ईडी उन्हें ज्यादा वक्त तक जेल में रखने में कामयाब हुई।

**ईडी जांच करने में लंबा वक्त लगा देती है। क्या जांच में इसलिए देरी की जाती है, जिससे अभियुक्त लंबे वक्त तक जेल में रहे? सत्येंद्र जैन को लंबे वक्त तक जेल में रखा गया।**

पाठकवाणी

## छोटी उम्र से ही प्रशिक्षण हो

**ओलंपिक** जैसे खेलों में हमारे खिलाड़ी उम्मीदें लेकर प्रदर्शन करते हैं और वह उसमें पूरी तरह सफल नहीं हो पाते तो इसका मतलब यह नहीं कि उनका प्रदर्शन पदक लायक नहीं रहता। कई बार खिलाड़ी अपने स्तर से आगे बढ़कर प्रस्तुति देता है। बावजूद इसके उससे अच्छा प्रदर्शन अन्य देशों के खिलाड़ी करके बाजी मार ले जाते हैं। इसकी एक वजह हमारे देश में उचित उम्र में प्रशिक्षण का अभाव है, जिसे ओलंपिक विजेता मनु भाकर ने जाहिर किया है। मनु का मानना है कि खिलाड़ियों को कम उम्र से ही अगर प्रशिक्षण दिया जाए तो काफी पदक देश को मिल सकते हैं। दूसरे देशों में इस पद्धति से प्रशिक्षित खिलाड़ी पदकों पर निशाने लगाते हैं। वाकई मनु का कथन खेलों के उत्थान और उसके प्रतिफल को हासिल करने के लिए उपयुक्त है। उनके कथन को सरकार संज्ञान में चाहिए। लेकिन सरकार सलाह मानती नहीं है। सरकार को चाहिए कि वह प्रतिभावान खिलाड़ियों को अलग-अलग उम्र से ही प्रशिक्षित करें और उन्हें तमाम अत्याधुनिक सुविधाएं मुहैया करवाए। इससे छोटी उम्र से लगी लगन खिलाड़ियों को पदक लाने के लिए प्रेरित करेगी और देश का नाम पदक तालिका में अग्रणी होगा। सरकार को विजेता और अनुभवी खिलाड़ियों के इस तरह के अनुभवों और सुझावों पर गंभीरता से अमल करना चाहिए।

-**अमृतलाल मारू 'रवि'**, इंदौर मप्र

कुछ खास



सत्येंद्र जैन जी का वजन 36 किलो कम हो गया। उन्हें और उनके परिवार को बहुत कुछ सहना पड़ा। पीएम मोदी और अमित शाह ने उन्हें तोड़ने की हरसंभव कोशिश की लेकिन वे सफल नहीं हुए। वे कितने भी मुकदमे लिख लें केजरीवाल के सिपाहियों को तोड़ नहीं सकते।

-**संजय सिंह**, आप सांसद

आज का ट्वीट



''हरियाणा में सिर्फ 4 सीटों पर जितने वोट पड़े, उतने गिने गए। 90 में से 86 सीटों पर 500 से 1000 वोट का अंतर है। ये वोट पड़े थे तो कहां गए? चूहा कुतर गया? लोकतंत्र पर डाका डाला जा रहा है।''

-**कृष्णकांत**

साइबरवर्ल्ड

## एफबीआई, रॉ और भारत सरकार

**नरेंद्र** मोदी ने वो कर दिखाया जो पिछले किसी प्रधानमंत्री ने नहीं किया था। भारत के एक अधिकारी को एफबीआई का वांटेड बना दिया। इस अधिकारी का नाम विकास यादव है। ये भारत की गुप्तचर एजेंसी में काम करता था। अमित शाह ने अजित डोभाल को बोला कि अमेरिका और कनाडा में सिखों की हत्या करवाओ। डोभाल रॉ का बॉस होता है। ज़िम्मा आया विकास यादव के सर। विकास यादव ने निखिल गुप्ता नाम के एक आदमी को पकड़ा। गुप्ता ड्रग्स का गैर-कानूनी धंधा करता था। उसने यूरोप के शहर प्राग में एक भाड़े के हत्यारे को पकड़ा। गुप्ता को मालूम नहीं था कि जिसे वो भाड़े का हत्यारा समझ रहा था वो दरअसल अमेरिका का एक गुप्त एजेंट था। गुप्ता ने इस एजेंट को अमेरिका में पंद्रह हजार डॉलर भी अग्रिम दिलवा डाले। ये सारा प्रकरण अमेरिका की एफबीआई ने अपने कैमरे में कैद कर लिया। ये पिछले साल की बात है। कुछ हफ़्तों बाद जब गुप्ता कथित हत्यारे से मिलने प्राग पहुंचा तो उसे एयरपोर्ट पर वहां की पुलिस ने पकड़ लिया। उसे वहां से छुड़वाने के लिए मोदी ने जी-जान लगा दिया। मगर दो महीने पहले प्राग की अदालत ने निखिल गुप्ता को अमेरिकी सरकार के हवाले कर दिया। अब निखिल गुप्ता अमेरिका की जेल में है। उस पर हत्या की साज़िश के आरोप का मुकदमा शुरू होने वाला है। जब ट्रायल चालू होगा तो पता चलेगा कि उसने अपने इकबालिया बयान में क्या-क्या राज खोले हैं। अमेरिका के डिपार्टमेंट ऑफ जस्टिस ने ऐलान किया है कि अब निखिल गुप्ता के साथ विकास यादव भी उसी केस में आरोपी है। और फटाफट एफबीआई ने ये नोटिस जारी कर दी है कि उसे विकास यादव की तलाश है। इन दिनों भारत सरकार की एक टीम अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में हाथ जोड़े बैठी है कि साहब हमने नहीं किया ये तो विकास यादव अकेले बदमाशी कर रहा था। अमेरिका भारत पर दबाव बनाता रहेगा कि विकास यादव को गिरफ़्तार क्यों नहीं करते? भारत की सरकार कहती रहेगी कि क्या करें साहब वो मिल ही नहीं रहा है। विकास यादव की ज़िंदगी बरबाद हो गई। उसके परिवार की ज़िंदगी बरबाद हो गई।

**अजीत साही** की फेसबुक वॉल से

# विश्व बैंक रिपोर्ट से उपजे सवाल



**शाहीन सबा**

विश्व बैंक की ताजा रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। केंद्र और राज्य सरकारों के तमाम वादों और कल्याणकारी योजनाओं के संचालन के बावजूद देश में गरीबी कम होती दिखाई नहीं देती है। विश्व बैंक ने अपनी ताजा रिपोर्ट में माना है कि 2020 के बाद से भारत सहित दुनिया में गरीबी घटने की प्रक्रिया ठहर गई है। बैंक का ताजा आकलन है कि भारत में इस समय 12 करोड़ 90 लाख लोग चरम गरीबी की अवस्था में जी रहे हैं। विश्व बैंक का चरम गरीबी का पैमाना 2.15 डॉलर प्रति दिन (परचेजिंग पॉवर पैरिटी- पीपीपी- के अर्थ में) से कम खर्च क्षमता है। पीपीपी पर यह रकम फिलहाल लगभग 44 रुपये प्रतिदिन बैठती है। वैसे विश्व बैंक ने चूंकि भारत को मध्यम आय वाले देशों की श्रेणी में रखा हुआ है, इसलिए उसका कहना है कि भारत पर चरम गरीबी का पैमाना 6.85 डॉलर प्रति दिन (पीपीपी में तकरीबन 139 रुपये) लागू होना चाहिए।

बहु संकट से बाहर निकलने के रास्ते नामक रिपोर्ट में कहा गया है कि आज भी दुनिया की 44 फीसदी आबादी प्रतिदिन 576 रुपये से कम पर जीवन यापन करती है। जनसंख्या वृद्धि के कारण 1990 के बाद से इस गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में कोई खास बदलाव नहीं आया है। 2020-2030 एक खोया हुआ दशक होने वाला है। रिपोर्ट के अनुसार, प्रगति की मौजूदा रफ्तार के हिसाब से अत्यधिक गरीबी को मिटाने में दशकों लगेंगे और लोगों की प्रतिदिन की कमाई 576 रुपये से ऊपर लाने में एक सदी से अधिक समय लगेगा। वैश्विक आबादी का 8.5 फीसदी या 70 करोड़ लोग आज भी 181 रुपये से कम पर जीवनयापन कर रहे हैं। अनुमान है कि 2030 में 7.3 फीसदी आबादी अत्यधिक गरीबी में रह रही होगी। देश आज भी करीब 13 करोड़ लोग चरम गरीबी के दायरे में हैं। चरम गरीबी का मतलब है कि इन लोगों की दैनिक आय 200 रुपये से भी कम है। मोटे तौर पर महीने के 5,000 रुपये या इससे कम कमाने वाले लोगों को चरम गरीबी का शिकार माना जाता है। संख्या के लिहाज से देखें, तो यह इतनी बड़ी है कि दुनिया के कई बड़े देशों की इतनी आबादी नहीं, जितनी भारत में चरम गरीबी है।



**2012 में यह तय किया गया था कि 2030 तक दुनिया को चरम गरीबी से मुक्त कर दिया जाएगा। लेकिन, नए मानकों के लिहाज से देखें, तो करीब आधी दुनिया चरम गरीबी के दायरे मे आ जाएगी। इस तरह 2030 तक चरम गरीबी मिटा पाने का लक्ष्य पूरा होता नहीं दिख रहा है।**

विश्व बैंक ने अपनी रिपोर्ट मे बताया है कि 1990 के बाद से भारत में गरीबी कम करने पर बड़ा काम हुआ है। इसके अलावा पिछले एक दशक में कई अहम बदलाव हुए हैं। लेकिन, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों के तहत पूरी दुनिया को चरम गरीबी से मुक्त करने के लक्ष्य से भारत पिछड़ता दिख रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2020-30 के दशक को भारत में गरीबी कम करने के लिहाज से पूरी तरह से कामयाबी भरा नहीं कहा जा सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में गरीबी रेखा के नीचे रहने वाले लोगों की संख्या में पिछले एक दशक में भारी कमी आई है। 1990 में यह संख्या 43.1 करोड़ थी। सुरेश तेंदुलकर समिति की रिपोर्ट के मुताबिक 2010 में यह संख्या करीब 35 करोड़ थी। लेकिन, 2024 में यह संख्या घटकर 12.9 करोड़ रह गई है। विश्व बैंक के मुताबिक, अगले दशक में वैश्विक अत्यधिक गरीबी में भारत का योगदान काफी कम होने का अनुमान है। यह अनुमान अगले दशक में प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के साथ-साथ ऐतिहासिक विकास दरों पर आधारित है। भारत में 2030 में चरम गरीबी दर शून्य करने पर भी इस अवधि में दुनियाभर में अत्यधिक गरीबी दर 7.31 फीसदी से गिरकर 6.72 फीसदी ही रहेगी जो अभी भी तीन फीसदी के लक्ष्य से काफी ऊपर है। इस कसौटी पर देखें, तो भारत में 43 करोड़ से अधिक लोग चरम गरीबी की अवस्था में हैं। यह संख्या 1990 में भारत में चरम गरीबी सीमा के नीचे आने वाले कुल लोगों की संख्या से ज्यादा है (तब भारत की जनसंख्या लगभग 88 करोड़ थी)। विश्व बैंक ने भारत सरकार की तरफ से हाल में जारी घरेलू उपभोग एवं खर्च सर्वे रिपोर्ट- 2022-23 में अपनाई गई विधि की आलोचना की है। इस सर्वे के आधार पर सरकार ने भारत में गरीबी मिटाने की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति का दावा किया था। यानी कुल सार यह है कि भारत में गरीबी के मारे लोग आज भी बड़ी संख्या में हैं। जबकि गरीबी मापने का विश्व बैंक का पैमाना खुद आलोचनाओं के केंद्र में रहा है।

अनेक विशेषज्ञों ने इसे मनमाने ढंग से तैयार किया गया न्यूनतम पैमाना बताया है। अगर गौर करें कि मध्यम आय श्रेणी वाले भारत जैसे देश में रोज 139 रुपये खर्च क्षमता वाले व्यक्ति को विश्व बैंक गरीब नहीं मानता, तो समझा जा सकता है कि यह फॉमूर्ला किस हद तक न्यूनतम है। आखिर इतनी रकम के साथ कोई व्यक्ति किस स्तर का उपभोग कर सकता है? बहरहाल, इस फॉमूर्ले के मुताबिक भी ह्यसबसे तेजी गति से बढ़ती अर्थव्यवस्थाह्न की यह सूरत उभरी है, हमारे विकास की दिशा क्या है, यह खुद जाहिर हो जाता है।

बीती 16 जनवरी को नीति आयोग द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, देश में गरीबी का स्तर 2013-14 के 29.17 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 11.28 प्रतिशत हो गया है, जिससे इसमें 17.89 प्रतिशत की कमी आई है। यह पेपर संघीय थिंक टैंक के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. योगेश सूरी द्वारा लिखा गया है। ऑक्सफोर्ड नीति और मानव विकास पहल और संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) ने इसके लिए तकनीकी इनपुट प्रदान किए हैं। बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) मौद्रिक पहलुओं से परे कई आयामों में गरीबी को पहचानने का विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त तरीका है। बहुआयामी गरीबी को स्वास्थ्य, शिक्षा और जीवनस्तर में सुधार के जरिये मापा जाता है। यह 12 सतत विकास लक्ष्यों से संबद्ध संकेतकों के माध्यम से दर्शाए जाते हैं।

पेपर में संबंधित नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे राउंड तीन से पांच के डेटा का उपयोग करके वर्ष 2005-06, 2015-16 और 2019-21 के लिए भारत में बहुआयामी गरीबी का अनुमान लगाया गया है। इसमें कहा गया है कि 2005-06 में 55.34 प्रतिशत, जो भारत की आधी से अधिक आबादी हैं बहुआयामी रूप से गरीब थी। कुल जनसंख्या में ऐसे गरीब व्यक्तियों का अनुपात 2005-06 में 55.34 प्रतिशत से गिरकर 2013-14 में 29.17 प्रतिशत हो गया है, जो 26.17 प्रतिशत की कमी के दशार्ता है। लेकिन पेपर में कहा गया है कि घातीय पद्धति का उपयोग करके गरीबी की कुल संख्या अनुपात में गिरावट की गति 2005-06 और 2015-16 (7.69 प्रतिशत वार्षिक गिरावट दर) के बीच की अवधि की तुलना में 2015-16 और 2019-21 (10.66 प्रतिशत वार्षिक गिरावट दर) के बीच बहुत तेज थी।

पेपर में कहा गया है कि भारत 2024 के दौरान ही सिंगल-डिजिट गरीबी स्तर तक पहुंच जाएगा। पेपर के मुताबिक गरीबी में कमी मुख्य रूप से दो कारकों के कारण हासिल की गई है। पहला शासन और वितरण में सुधार है। और दूसरा, लॉन्च की जा रही अधिक से अधिक लक्षित योजनाएं, जो प्रत्येक संकेतक पर मैप की जाती हैं। इसलिए असर कहीं ज्यादा दिख रहा है। दर को किसी तरह कार्यक्रमों की संख्या के साथ सहसंबद्ध किया जा रहा है, जो प्रत्येक संकेतक पर निर्देशित हैं। 12 एमपीआई संकेतकों में से प्रत्येक को लक्षित करने वाली एक योजना है।

अमृतवाणी

## सांस और साम्राज्य

**सिकंदर** मकदूनिया (मेसेडोनिया) का ग्रीक शासक था। उसे एलेक्जेंडर तृतीय और एलेक्जेंडर मेसेडोनियन नाम से भी जाना जाता है। वह अपनी मृत्यु तक हर उस जमीन को जीत चुका था जिसकी जानकारी प्राचीन ग्रीक के लोगों को थी। वही सिकन्दर जब अपनी जिंदगी की आखरी सांसे ले रहा था तब उसने अपने चिकित्सको से एक इच्छा जाहिर की और कहा, मैं अपनी मां को देखें बिना नहीं मरना चाहता हूं। सिकंदर की मां किसी दूसरें गांव में रहती थी। कम से कम चौबीस घंटे लग जाते उन्हें पहुचने में, पर अफसोसनाक बात ये थी कि सिकंदर के पास इतना वक्त नहीं था। वह अभी असहाय था। इस हालात में इतनी जल्दी उसकी मां कैसे पहुंच पाएगी? इसी दुविधा में वह पड़ा रहा, घर में और कोई बड़ा-बूढ़ा नहीं था, जिनसे वह विचार विमर्श कर सकें। बहुत सोच विचार कर वह अपने चिकित्सकों से बोला, मैं सब कुछ देने के लिए तैयार हूं, लेकिन चौबीस घंटे मुझे और जिला दो ताकि जिससे मैं पैदा हुआ हूं, उससे विदा तो ले लूं। चिकित्सकों ने कहा, सीमित आयु बची है। यदि मैं अपना बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं दूं तो भी यह असंभव है। तब सिकंदर ने कहा, मैं तुमको अपना आधा सम्राज्य दे दूंगा। इस पर भी चिकित्सक कुछ न बोले। चिकित्सको को उदास और चुप खड़े देख उसने कहा कि तुम मेरा पूरा सम्राज्य ले लो। आज वह खुद को हारा हुआ महसूस कर रहा था। उसे लग रहा है उसका कोई अस्तित्व नहीं है। वह सिर्फ एक लिजलिजा मांस का लोथड़ा है। वह सोचने लगा काश! मुझे पता होता कि पूरा सम्राज्य देकर भी एक सांस नहीं मिलती है तो अपने जीवन भर की सांसें इस सम्राज्य के लिए क्यों खराब करता?



तीखी नजर

## शेयर बाजार के नए खिलाड़ी



तीरथ सिंह खरबंदा

वे बोले शेयर बाजार गिर रहा है। मैंने कहा इसमें कौन सी नई बात है! शेयर बाजार है, अगर गिरेगा नहीं तो फिर उठेगा कैसे। गिरना उठना तो इस बाजार की विशेष अदा है। जब-जब यह गिरता है तब-तब फिर उठता है। यह कोई ऐसा लीडर नहीं कि जो एक बार गिरे तो गिरता ही चला जाए। यह गिर-गिर फिर उठता है। जब उठता है फिर गिरता है। कभी-कभी गिरता है तो गिरता ही चला जाता है। जब अचानक उठता है तो राकेट हो जाता है। कभी उठता तो उठता ही चला जाता है। अचानक किसी दिन धड़ाम भी हो जाता है। कभी किसी को हंसाता है, कभी किसी को रुलाता है। हालांकि किसी के हंसने अथवा रोने से इसकी गति में कोई अंतर नहीं आता है। यह बाजार का ऐसा लीडर है जो कभी कोई भी जिम्मेदारी अपने ऊपर नहीं लेता है। इसीलिए इसे गिरने और उठने के लिए कोई न कोई बहाना चाहिए। यह हमेशा खबरों की सुर्खियों में बना रहता है। इसीलिए इसको चाहने वालों की संख्या में दिनोंदिन इजाफा हो रहा है।

मैंने पूछा बाजार गिरने से आप इतने परेशान क्यों हैं? क्या ज्यादा माल फंसा हुआ है? वे घुप्प चुप्पी साध गए। फंसे हुए बंदे की बोलती बंद हो जाती है। वह यह राज कभी किसी को बताता नहीं है। चुप रहना ही उसकी स्वीकृति होतीहै। मैं समझ गया था वे उलझ तो गए हैं किंतु बताना नहीं चाहते हैं। दरअसल कुछ लोगों के लिए शेयर बाजार सट्टे के खेल जैसा हो गया है। वे इसे किस्मत का खेल मानकर खेलते हैं। चौघड़िया देखकर शुभ मुहूर्त में खरीदी-बिक्री करते हैं। इसमें हारा हुआ खिलाड़ी जीतने के लिए और जीतने वाला खिलाड़ी और जीतने के लिए खेलता है। इसमें ऐसा खिलाड़ी पांच दिन खेलता है और दो दिन जब बाजार बंद रहते हैं तब बेचैन रहता है। यह एक ऐसा ब्लाइंड गेम है, जिसमें लंबा हारने पर ही आंखें खुलती हैं।

वे बोले दिवाली के बाद बाजार उठेगा। वे वास्तव में खुद को आश्वस्त कर रहे थे। मैंने कहा-मैं तो इस मामले में अज्ञानी हूं। मैंने पूछा-आखिर इन दिनों बाजार गिरा हुआ क्यों है? वे बोले हरियाणा के चुनाव परिणाम के बाद नीचे आ गया है। महाराष्ट्र में चुनाव के नतीजे आने दो ऊपर उठ जाएगा। मुझे पहली बार पता चला कि चुनाव से शेयर बाजार का कितना गहरा रिश्ता है। वे खेल के समय में किसी से नहीं मिलते हैं। राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समाचारों पर पैनी नजर रखते हैं। किस घटना से बाजार पर क्या प्रभाव पड़ेगा, उसका पूर्वानुमान लगा लेते हैं। बाजार गिरेगा या उठेगा। गिरेगा तो कितना, उठेगा तो कितना। गिरा तो फिर कब उठेगा और उठा तो फिर कब गिरेगा। इस क्षेत्र में बहुत गहन अध्ययन है उनका। इतना अध्ययन तो कभी उन्होंने पढ़ाई के दौरान भी नहीं किया होगा। बाजार के उतार चढ़ाव के साथ उनके दिल की धड़कनें भी दिन भर ऊपर नीचे होती रहती हैं। बाजार गिरते ही उनका रक्तचाप बढ़ जाता है। और ऊपर उठते ही एकदम सामान्य हो जाता है। नए खिलाड़ी बाजार की इस चेतावनी को समय रहते समझें कि-हम जो डूबे सनम तो तुम्हें भी ले डूबेंगे।

नजरिया

# भारत कनाडा विवाद में लारेंस विश्नोई की एंट्री



**शैलेंद्र चौहान**

**भारत और कनाडा के बीच पिछले एक साल से जारी कूटनीतिक विवाद का असर बहुत लंबा और गहरा हो सकता है। सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपों से शुरू हुए इस तनाव को लेकर कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे भारत की वैश्विक छवि को नुकसान होगा।**

रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आसीएमपी) ने कहा कि भारत ₹संगठित अपराध समूहों₹ का इस्तेमाल कर दक्षिण एशियाई प्रवासियों और सिख अलगाववादियों को निशाना बना रहा है। इसमें उन्होंने 'बिश्नोई ग्रुप' का नाम लिया। आरसीएमपी के असिस्टेंट कमिश्नर ब्रिगिट गोविन ने पत्रकारों से कहा, 'हम मानते हैं कि यह ग्रुप भारत सरकार के एजेंटों से जुड़ा है।' भारत का बिश्नोई गैंग दक्षिण एशिया में हत्या और वसूली के लिए कुख्यात है, लेकिन अब इसकी पहुंच विदेशों में भी दिखाई दे रही है। कनाडा ने कहा है कि भारत ने एक सिख अलगाववादी नेता की हत्या के लिए बिश्नोई गैंग का इस्तेमाल किया। गैंग का कथित प्रमुख, 31 वर्षीय लॉरेंस बिश्नोई, पिछले लगभग एक दशक से जेल में है। वह इस समय भारत के गुजरात राज्य की एक जेल में बंद है और उस पर पाकिस्तान से हेरोइन की तस्करी के मामले में मुकदमा चल रहा है।

गैंग 2022 में राष्ट्रीय सुर्खियों में आया जब रैपर शुभदीप सिंह सिद्धू, जिन्हें सिद्धू मूसे वाला के नाम से जाना जाता था, की पंजाब में गोली मारकर हत्या कर दी गई। कनाडा में रहने वाले एक भगोड़े गोल्डी बराड़ उर्फ सतिंदर जीत सिंह ने इस हत्या की जिम्मेदारी ली। गोल्डी बराड़ को भारत ने ₹आतंकवादी₹ घोषित किया है। लॉरेंस, एक किसान परिवार से आता है। 2010 में जब वह किशोर था, तब वह संगठित अपराध में आया। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक उसने छात्र राजनीति में भी हाथ आजमाया और अपने प्रतिद्वंद्वियों को डराने-धमकाने लगा। बिश्नोई गैंग का दावा है कि वे राजस्थान के रेगिस्तान में रहने वाले बिश्नोई हिंदू समुदाय का प्रतिनिधित्व करते हैं। उसने बॉलीवुड स्टार सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी थी, क्योंकि उन्होंने दो काले हिरणों का शिकार किया था, जिन्हें बिश्नोई समुदाय अपने गुरु का पुनर्जन्म मानता है। अप्रैल में भारतीय पुलिस ने इस गैंग के दो सदस्यों को मुंबई में सलमान खान के घर पर गोली चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसी महीने, बिश्नोई गैंग का नाम एक और प्रमुख हत्या में आया, जब पुलिस ने कहा कि इसके सदस्य मुंबई के बाबा सिद्दीकी की हत्या में शामिल थे। सिद्दीकी एक राजनेता थे और फिल्म उद्योग में भी उनके गहरे संपर्क थे।

अब कनाडा पुलिस ने इस पर 11,500 किलोमीटर दूर एक हत्या में शामिल होने का शक जताया है। यह वही हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का मामला है जिसके कारण भारत और कनाडा के बीच बड़ा कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। सिख खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की जून 2023 में वैंकूवर में उनके घर के पास एक पार्किंग में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा की पुलिस ने इस मामले में चार भारतीय नागरिकों को गिरफ्तार किया है। बीते सोमवार कनाडा ने आरोप लगाया था कि उच्चायुक्त समेत छह भारतीय राजनयिकों का संबंध इस हत्या से है। कनाडा ने इन लोगों पर मुकदमा चलाने के लिए भारत से उनकी राजनयिक सुरक्षा वापस लेने का आग्रह किया था लेकिन भारत ने इन आरोपों को गलत बताया, जिसके बाद इन छह अधिकारियों को निष्कासित कर दिया गया। बदले में भारत ने भी कनाडा के छह राजनयिकों को निष्कासित कर दिया



कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने भारत पर लगाए गए आरोपों को लेकर माना है कि जब उन्होंने पिछले साल संसद में बयान दिया था तब उनके पास ठोस सबूत नहीं थे। एक सार्वजनिक जांच के दौरान उन्होंने कहा कि भारत के एजेंटों के खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में शामिल होने का कोई ठोस सबूत नहीं था। ट्रूडो ने कहा कि उनके आरोप खुफिया जानकारी पर आधारित थे, न कि पक्के सबूतों पर। उन्होंने कहा, 'मुझे बताया गया था कि कनाडा और शायद फाइव आईज सहयोगियों की खुफिया जानकारी से यह काफी साफ, बेहद साफ था कि इसमें भारत शामिल था...भारत सरकार के एजेंट कनाडा की धरती पर एक कनाडाई की हत्या में शामिल थे।' यह बयान उस समय आया जब भारत और कनाडा के बीच कूटनीतिक तनाव बढ़ा हुआ है। ट्रूडो ने 2023 में यह आरोप लगाए थे। भारत सरकार ने इन आरोपों को लगातार खारिज किया है और कहा है कि कनाडा ने कोई सबूत नहीं दिया है। बुधवार को भारत के विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में फिर से यही कहा, 'आज हमने जो सुना, वह केवल यही पुष्टि करता है कि कनाडा ने भारत के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों का समर्थन करने के लिए हमें कोई सबूत नहीं दिया है।' भारत ने इन आरोपों को 'बेतुका' और 'राजनीतिक लाभ के लिए भारत को बदनाम करने की रणनीति' बताया है।

भारत और कनाडा के बीच पिछले एक साल से जारी कूटनीतिक विवाद का असर बहुत लंबा और गहरा हो सकता है। सिख नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोपों से शुरू हुए इस तनाव को लेकर कुछ विशेषज्ञ मानते हैं कि इससे भारत की वैश्विक छवि को नुकसान होगा। वहीं, एक विचार यह भी है कि यह विवाद नरेंद्र मोदी और जस्टिन ट्रूडो दोनों के लिए थोड़े समय के लिए फायदेमंद हो सकता है। ट्रूडो को इससे कुछ समय के लिए राहत मिल सकती है। उनकी लिबरल पार्टी अगले चुनावों से पहले जनता के बीच ज्यादा लोकप्रिय नहीं है। भारत के साथ विवाद ने उनके घरेलू मुद्दों से ध्यान हटाने का काम किया है।

# रोमांचक मोड़ पर पहुंचा बेंगलुरु टेस्ट

## भारत ने दूसरी पारी में तीन विकेट पर 231 रन बनाए, दिन की आखिरी गेंद पर आउट हुए कोहली




● बेंगलुरु,

**सरफराज** खान (नाबाद 70), विराट कोहली (70) और कप्तान रोहित शर्मा (52) के अर्धशतक की मदद से भारत ने पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में तीन विकेट पर 231 रन बना लिए है। हालांकि न्यूजीलैंड से 125 रन पीछे होने के कारण दिन की आखिरी गेंद पर विराट का विकेट खोने से भारत की मैच में वापसी को झटका लगा।

न्यूजीलैंड के पहली पारी में 402 रन के जवाब में दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने मैदान पर उतरी भारतीय टीम ने इस बार संभलकर शुरुआत की। यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 72 रन जोड़े। 18वें ओवर की पहली गेंद पर एजाज पटेल ने यशस्वी जायसवाल (35) को ब्लंडल के हाथों स्टम्प आउट करा न्यूजीलैंड को पहली सफलता दिलाई। नये बल्लेबाज विराट कोहली ने कप्तान का साथ देते हुए टीम के स्कोर को 95 रन तक पहुंचाया जहां एक बार फिर पटेल ने अपना कारनामा दिखाते हुए रोहित को बोल्ड आउट कर भारत को दूसरा झटका दे दिया। रोहित ने 63 गेंदों का सामना करते हुए आठ चौके और एक छक्के की मदद से शानदार 52 रन बनाए। तीसरे विकेट के लिए विराट को सरफराज खान ने अपना पूरा सहयोग दिया और टीम के स्कोर को 231 रनों तक पहुंचाया दिया। खेल समाप्ति के समय में फिलिप्स की आखिरी गेंद पर विराट ब्लंडल के हाथों में कैच थमा बैठे। विराट ने 102 गेंदों का सामना करते हुए आठ चौकों और एक छक्के की मदद से 70 रन बनाए। सरफराज ने 78 गेंदों का सामना करते हुए तीन छक्कों एवं सात चौकों की मदद से 70 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड की ओर से एजाज पटेल ने दो तथा ग्लेन फिलिप्स ने एक विकेट लिया। इससे पहले भारत पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को न्यूजीलैंड की पहली पारी को 402 के स्कोर पर रोक दिया। भोजनकाल के बाद मोहम्मद सिराज ने न्यूजीलैंड को बड़े स्कोर की ओर ले जा रहे टिम साउदी (65) को आउटकर पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद कुलदीप यादव ने एजाज पटेल (04) को पगबाधा आउट किया। कुलदीप ने रचिन रवींद्र (134) को आउट कर न्यूजीलैंड की पहली पारी का अंत कर दिया। न्यूजीलैंड ने गुरुवार के अपने तीन विकेट पर 180 के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र में मोहम्मद सिराज ने डेरन मिचेल (18) को आउट कर भारत को चौथी सफलता दिलाई। इसके जसप्रीत बुमराह ने टॉम ब्लंडल (05) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। ग्लेन फिलिप्स और मैट हैनरी को जडेजा ने आउट किया। इस दौरान रचिन रवींद्र ने टेस्ट करियर का दूसरा शतक (104) बनाया। उन्होंने अपनी शतकीय पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाए। भारत की ओर से रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने तीन-तीन विकेट लिए। मोहम्मद सिराज को दो विकेट मिले। जसप्रीत बुमराह, आर अश्विन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। गुरुवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम पहली पारी में महज 46 रन ढेर हो गई थी।



### स्कोर बोर्ड

भारत पहली पारी : 46 रन

| न्यूजीलैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| टॉम लेथम पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 49 | 3 | 0 |
| डेवन कॉन्वे बो अश्विन | 91 | 105 | 11 | 3 |
| विल यंग का कुलदीप बो जडेजा | 33 | 73 | 5 | 0 |
| रचिन का (स. जुरेल) बो कुलदीप | 134 | 157 | 13 | 4 |
| मिचेल का जायसवाल बो सिराज | 18 | 49 | 2 | 0 |
| ब्लंडल का राहुल बो बुमराह | 05 | 8 | 1 | 0 |
| ग्लेन फिलिप्स बो जडेजा | 14 | 18 | 1 | 1 |
| मैट हेनरी बो जडेजा | 08 | 9 | 2 | 0 |
| साउदी का जडेजा बो सिराज | 65 | 73 | 5 | 4 |
| एजाज पगबाधा बो कुलदीप | 04 | 8 | 1 | 0 |
| विलियम ओरूर्क नाबाद | 00 | 1 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 15 रन

कुल 91.3 ओवर में 402 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-67, 2-142, 3-154, 4-193, 5-204, 6-223, 7-233, 8-370, 9-384, 10-402

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह | 19 | 7 | 41 | 1 |
| मोहम्मद सिराज | 18 | 2 | 84 | 2 |
| रवि अश्विन | 16 | 1 | 94 | 1 |
| कुलदीप यादव | 18.1 | 1 | 99 | 3 |
| रवींद्र जडेजा | 20 | 1 | 72 | 3 |

| भारत दूसरी पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी स्टम्प लंडल बो पटेल | 35 | 52 | 6 | 0 |
| रोहित शर्मा बो पटेल | 52 | 63 | 8 | 1 |
| कोहली का ब्लंडल बो फिलिप्स | 70 | 102 | 8 | 1 |
| सरफराज खान नाबाद | 70 | 78 | 7 | 3 |

अतिरिक्त : 04 रन

कुल: 49 ओवर में तीन विकेट पर 231 रन

विकेट पतन: 1-72 , 2-95 , 3-231

| गेंदबाजी | ओवर | मेडन | रन | विकेट |
|---|---|---|---|---|
| टिम साउदी | 7 | 1 | 22 | 0 |
| मैट हेनरी | 11 | 1 | 52 | 0 |
| विलियम ओरूर्क | 11 | 1 | 48 | 0 |
| एजाज पटेल | 12 | 2 | 70 | 2 |
| ग्लेन फिलिप्स | 8 | 1 | 36 | 1 |

## बीसीबी ने प्रमुख कोच हथरुसिंघे को हटाया

**ढाका, वार्ता** : बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने टीम के प्रमुख कोच चंडिका हथरुसिंघे को दो दिन पहले हुए निलंबन के बाद पद से हटा दिया है। यह निलंबन मैदान पर मौजूद उनके व्यवहार और रोजगार शर्तों के उल्लंघन के आधार पर किया गया है। बीसीबी के अध्यक्ष फारूक अहमद ने मंगलवार को कहा कि हथुरुसिंघे ने बांग्लादेश के एक क्रिकेटर के साथ मारपीट की और अपने अनुबंध में उल्लेखित से अधिक छुट्टियां लीं। बोर्ड ने उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर कदाचार के दो मामलों पर स्पष्टीकरण मांगा था। हथुरुसिंघे ने अगले दिन प्रतिक्रिया दी जिसके बाद गुरुवार को स्थिति की समीक्षा के लिए एक आपातकालीन बोर्ड बैठक बुलाई गई। बीसीबी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि सभी कारकों पर विचार करने के बाद बोर्ड ने हथुरुसिंघे के स्पष्टीकरण को असंतोषजनक और अस्वीकार्य माना। उनकी बर्खास्तगी तत्काल प्रभाव से लागू होती है। बांग्लादेश के कोच के रूप में हथुरुसिंघे का दूसरा कार्यकाल समाप्त हो गया। उनका अनुबंध जनवरी 2025 तक था।

## हसन टेस्ट के लिए बांग्लादेश टीम में शामिल

**ढाका, वार्ता**: बाएं हाथ के स्पिनर हसन मुराद को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया है। टेस्ट स्तर पर अनकैप्ड खिलाड़ी हसन मुराद ने टीम में ऑलराउंडर शाकिब अल हसन की जगह ली। बीसीबी राष्ट्रीय चयन समिति के अध्यक्ष गाजी अशरफ हुसैन ने यह घोषणा की। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने बताया कि हमें सूचित किया गया है कि शाकिब पहले टेस्ट के लिए अनुपलब्ध हैं। वह अपने टेस्ट करियर के अंतिम पड़ाव पर हैं लेकिन उनके अनुभव के साथ-साथ, हमारे पास अभी भी बल्ले और गेंद दोनों से उनकी जगह लेने वाला कोई ऐसा खिलाड़ी नहीं है। गाजी अशरफ ने कहा कि हसन ने 2021 में अपने डेब्यू के बाद से अपने 30 प्रथम श्रेणी मैचों में 136 विकेट लिए हैं। उन्होंने 2023 में एशियाई खेलों में बंगलादेश के लिए अपना सफेद गेंद पदार्पण किया जहां उन्होंने दो टी-20 मैच खेले। उन्होंने कहा कि हसन मुराद ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और हमारे सिस्टम में रहे हैं।

## तेलुगु टाइटंस ने बेंगलुरू बुल्स को हराया

**हैदराबाद, वार्ता**: कप्तान पवन सेहरावत (13 अंक) के बेहतरीन प्रदर्शन और कृष्ण ढुल के हाई-5 की बदौलत मेजबान तेलुगु टाइटंस ने गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के पहले मैच में बेंगलुरू बुल्स को 37-29 से हरा दिया। यहां खेले गये मुकाबले में उम्मीद थी कि बुल्स बेहतर प्रदर्शन करेंगे लेकिन कप्तान परदीप नरवाल (तीन अंक) की नाकामी के कारण उसे सीजन की शुरुआत में हार का सामना करना पड़ा। बुल्स ने शुरुआती 20 मिनट में नौ अंक से पिछड़ने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए एक समय स्कोर 23-24 कर दिया था लेकिन अंतिम 10 मिनट में टाइटंस ने जोरदार वापसी करते हुए बुल्स को मैच पर पकड़ बनाने से रोक दिया। बुल्स के लिए सुरेंदर सिह ने हाई-5 लगाया। शुरुआती 10 मिनट में स्कोर मेजबान टाइटंस के पक्ष में 9-6 था। हाईफ्लायर नाम से मशहूर पवन ने सीजन की पहली रेड का आगाज दो अंक से की और 10 मिनट में चार अंक का योगदान दिया लेकिन इस दौरान वह दो बार आउट हुए।

## सार संक्षेप

### भारतीय महिलाओं ने सैफ फुटबॉल में पाकिस्तान को 5-2 से हराया

**काठमांडू** : भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने पाकिस्तान को 5-2 से हराकर कर सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 अभियान की रोमांचक शुरुआत की है। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने दशरथ स्टेडियम पर खेले गए मैच में आक्रामक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान पर 5-2 से शानदार जीत दर्ज की। ग्रेस डांगमेई ने पांचवें और 42वें मिनट में दो गोल करके भारत की ओर से बढ़त बनाई। मनीषा कल्याण ने 17वें मिनट में एक और गोल किया। इसके बाद बाला देवी ने 35वें मिनट में एक शानदार फ्री-किक पर गोल करके अपने अंतरराष्ट्रीय गोलों की संख्या 50 तक पहुंचाने के साथ वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला बन गईं। ज्योति चौहान ने 78वें मिनट में कॉर्नर से हेडर लगाकर गोल करके भारत का दबदबा और मजबूत किया। स्कोरलाइन के बावजूद पाकिस्तान ने लचीलापन दिखाया। सुहा हिरानी ने हाफ-टाइम से ठीक पहले पेनल्टी को गोल में बदला और कायला मैरी सिद्दीकी ने 47वें मिनट में गोल करके अंतर को 4-2 कर दिया। हालांकि भारत के शुरुआती गोल ने मैच की लय तय कर दी जिससे उन्हें पूरे मैच में नियंत्रण बनाए रखने में मदद मिली।

### कश्मीर मैराथन के लिए तैयारियां पूरी

**श्रीनगर** : जम्मू-कश्मीर में 20 अक्टूबर को होने वाली पहली कश्मीर मैराथन के लिए तैयारियां पूरी की ली गई है। मैराथन में अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय प्रतिभागियों सहित लगभग 2,000 धावक भाग लेंगे। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित इस मैराथन के क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक आयोजन होने की उम्मीद है जिसमें दुनिया भर के एथलीट भाग लेंगे। पर्यटन प्रचार कश्मीर की उप निदेशक दीबा खालिद ने श्रीनगर में मीडिया को बताया कि हमारे पास यूरोप, मध्य पूर्व और अफ्रीका के प्रतिभागियों सहित 60 अंतरराष्ट्रीय धावक हैं साथ ही भारत के शीर्ष पेशेवर भी हैं। मैराथन में दो श्रेणियां होंगी जिनमें 42 किलोमीटर की एक पूर्ण मैराथन और 21 किलोमीटर की एक हाफ मैराथन है। मैराथन में कुल पुरस्कार राशि तीन करोड़ रुपये होगी।

### साई सुदर्शन का दोहरा शतक, तमिलनाडु की मजबूत पकड़

**नई दिल्ली** : साई सुदर्शन (नाबाद 202) के दोहरे शतक और वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 96) की बेहतरीन पारी की मदद से तमिलनाडु ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के दूसरे चरण में ग्रुप डी के मुकाबले में दिन का खेल समाप्त होने तक एक विकेट पर 379 के स्कोर के साथ मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। यहां दिल्ली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी तमिलनाडु के लिए साई सुदर्शन और कप्तान नारायण की सलामी जोड़ी ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 168 रन जोड़े। 40वें ओवर में प्रांशु ने नारायण (65) को आउट कर दिल्ली को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये वॉशिंगटन सुंदर ने शानदार बल्लेबाजी का मुजाहिरा करते हुए दिन का खेल समाप्त होने तक 12 चौके

## यूपी की सीनियर महिला टी-20 टीम में चुनी गई सहारनपुर की वर्णिका

सहारनपुर

**जनपद** की बेटी वर्णिका चौधरी का चयन यूपी की सीनियर महिला टी-20 टीम में हुआ है। वर्णिका चौधरी के यूपी की टीम में चुने जाने पर सहारनपुर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारियों और खेल प्रेमियों ने खुशी का इंतजार किया है। शुक्रवार को ज्वाइंट सेक्रेटरी महेश शर्मा ने बताया कि चेयरमैन मोहम्मद अकरम की अगवाई में एसडीसीए जिले की क्रिकेट और खिलाड़ियों की बेहतरी के लिए काम कर रही है। इसी क्रम में सहारनपुर के गांव बीराखेड़ी निवासी राजपाल सिंह और सुषमा चौधरी की पुत्री वर्णिका चौधरी का चयन यूपी की सीनियर महिला टी-20 टीम में हुआ है। वर्णिका चौधरी अंडर-19 इंडिया टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी, एनसीए जोनल ट्रॉफी, अंडर 23 यूपी वन-डे ट्रॉफी, यूपी सीनियर्स वन-डे ट्रॉफी, अंडर-19 यूपी वन-डे ट्रॉफी बतौर कप्तान, अंडर-19 यूपी टी-20 ट्रॉफी बतौर कप्तान और सीनियर्स यूपी टी-20 ट्रॉफी में भी खेल चुकी है। वर्णिका के चयन पर एसडीसीए के अध्यक्ष राजीव गुप्ता, सचिव लतीफ उर रहमान, उपाध्यक्ष परविंदर सिंह, कोषाध्यक्ष पाली कालड़ा,



संरक्षक अमर गुप्ता, राज कुमार राजू, एपेक्स सदस्य साजिद उमर, सत्यम शर्मा, मीडिया प्रभारी सैयद मशकूर, भूपेंद्र कच्छल, जीआईएस सचिव रवि सिंघल, योगेश गुप्ता, राकेश शर्मा, रणधीर कपूर, राजीव गोयल टप्पू, विक्रांत चौधरी, आमिर कुरैशी, विनय कुमार,अर्जुन चौहान, भावना तोमर, तनवीर, संजय विश्वकर्मा, शोएब, सचिन सैनी, पीयूष चौहान, रविश राठी, अर्जुन कुमार, राज शेखर, राव मुजीब, अक्षय चौहान, आयुष, मिरदुल गर्ग, ललित व प्रिंस पटेल आदि ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दीं है।

## विंडीज को हरा न्यूजीलैंड फाइनल में

### महिला टी-20 विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में विंडीज को आठ रन से हराया




**शारजाह, वार्ता** : जॉर्जिया पिलमर (33), सूजी बेट्स (26) और इसाबेला गेज ने (नाबाद 20) रनों की पारियों के बाद अपने गेंदबाजों के दम पर न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्व कप के फाइनल में प्रवेश किया है जहां उसका मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। न्यूजीलैंड ने रोमांचक मैच में वेस्टइंडीज को आठ रन से हराया। इससे पहले जॉर्जिया पिलमर (33), सूजी बेट्स (26) और इसाबेला गेज ने (नाबाद 20) रनों की पारियों के दम पर न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को महिला टी-20 विश्वकप के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में वेस्टइंडीज को जीत के लिए 129 रनों का लक्ष्य दिया। यहां न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। सूजी बेट्स और जॉर्जिया पिलमर की सलामी जोड़ी ने धीमी लेकिन अच्छी शुरुआत करते हएु पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। नौवें ओवर में करिश्मा रामहैरक ने सूजी बेट्स (26) को बोल्ड कर वेस्टइंडीज को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद न्यूजीलैंड के अंतराल पर विकेट गिरते रहे। 12वें ओवर में एमेलिया केर (सात) को डिएंड्रा डॉटिन ने आउट किया। ब्रूक हैलिडे (18), सोफी डिवाइन (12), मैडी ग्रीन (तीन), रोजमेरी मेयर (दो) और लिया तहूहू (6) रन बनाकर आउट हुई। जॉर्जिया पिलमर ने 31 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए (33) रन बनाये। इसाबेला गेज ने (नाबाद 20) रनों की पारी खेली।

## मुल्तान में नोमान अली का कहर

### झटके आठ विकेट, पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट में इंग्लैंड को 152 रन से हराया

● मुल्तान,

**बल्लेबाजों** के शानदार प्रदर्शन के बाद नोमान अली (आठ विकेट) की घातक गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने दूसरे टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 152 रन से हरा दिया है। इसी के साथ पाक ने तीन मैचों की सीरीज 1-1 से बराबरी कर ली।

पाकिस्तान ने गुरुवार को दूसरी पारी में आगा सलमान के (63) अर्धशतक की मदद से 221 रन बनाकर इंग्लैंड़ को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया था। दूसरी पारी में 36 रन पर दो विकेट खोकर संकट से जूझ रही इंग्लैंड को आज नोमान अली ने 144 पर ढेर कर पाकिस्तान को 152 रन से जीत दिला दी। सुबह के सत्र में एन अली ने जो रूट (18) को आउट इंग्लैंड को चौथा झटका दिया। इसके बाद 20वें ओवर में अली ने हैरी ब्रूक (16) को भी पवेलियन भेज दिया। जेम्स स्मिथ (6), कप्तान बेन स्टोक्स (37), बाइडन कार्स (27), जैक लीच (01) और शोएब बशीर (00) को भी एन अली ने अपना शिकार बनाया। पाकिस्तान ने इंग्लैंड की पूरी टीम को 33.3 ओवर में 144 रन पर समेट दिया। पाकिस्तान की ओर से नोमान अली ने 16.3 ओवर में 46 रन देकर आठ विकेट लिए। साजिद खान को दो विकेट मिले। इससे पहले पाकिस्तान ने कामरान




(118) रनों की शतकीय और सईम अयूब (77) रनों की अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पहली पारी में 366 का स्कोर खड़ा किया। जिसके जवाब में इंग्लैंड के बेन डकेट (114) शतकीय पारी खेली। शेष कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका और इंग्लैंड की पारी 67.2 ओवर में 291 रन पर सिमट गई। इसके बाद पाकिस्तान दूसरी पारी मे 221 रन ही बना सका हालांकि उसे पहली पारी के आधार पर 75 रनों की बढ़त मिली थी और उसने इंग्लैंड को जीत के लिए 297 रनों का लक्ष्य दिया। जिसके जवाब में इंग्लैंड की दूसरी पारी 33:3 ओवरों में 144 पर सिमट गई। दोनों पारियों में नौ विकेट लेने वाले पाकिस्तान के गेंदबाज साजिद खान को प्लेयर ऑफ द मैच के खिताब से नवाजा गया।

## सिंधु डेनमार्क ओपन के क्वार्टर फाइनल में हारीं

**ओडेंस, वार्ता** : भारत की बैडमिंटन स्टार पीवी सिंधु ने शुक्रवार को डेनमार्क ओपन 2024 में महिला एकल स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग से कड़ी टक्कर के बाद 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ बीडब्ल्यूएफ सुपर 750 स्पर्धा में भारत का अभियान समाप्त हो गया। यहां खेले गये मुकाबले में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को 57 मिनट तक चले मैच में इंडोनेशियाई खिलाड़ी से 13-21, 21-16, 9-21 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी की शुरुआत अच्छी नहीं रही। राउंड ऑफ 16 की तरह इस मैच में भी उन्हें पहले गेम में हार का सामना करना पड़ा। गेम की शुरुआत में सिंधु 4-3 से आगे चल रही थीं, लेकिन इसके बाद इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने वापसी करते हुए 9-5 की बढ़त बना ली जिसके बाद सिंधु दबाव में आ गईं। हालांकि भारतीय शटलर ने वापसी करते हुए कुछ अंक जुटाए लेकिन वह गेम जीतने के लिए नाकाफी साबित हुई।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़्वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक(बिहार)